डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22
R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746
मीडिया दृष्टिकोण
वर्ष : 10 > अंक : 35 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

राजस्व की चोरी करना सबसे बड़ा राजद्रोह है और सहयोग करने वाला देशद्रोही।
-शालिनी श्रीवास्तव
website: www.hsnews.in
साप्ताहिक समाचार पत्र
जयपुर, बुधवार, 14 फरवरी 2024

**भजनलाल सरकार का कदम:** कैबिनेट सब कमेटी की बैठक आयोजित, 16 विभागों के मामलों पर गहन मंथन

## गहलोत राज के 200 बड़े फैसलों की समीक्षा करेगी सरकार

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश की नई भजन लाल सरकार ने पिछली गहलोत सरकार के 200 से ज्यादा बड़े फैसलों और विवादित टेंडरों पर नजर गड़ाना शुरू कर दिया है।

सरकार ने पिछले दिनों ही गहलोत राज के फैसलों का रिव्यू करने के लिए कैबिनेट सब कमेटी की घोषणा की थी। इसके बाद मंगलवार को इस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें 16 विभागों पर मामलों पर गहन चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में यह तय किया गया कि अब हर विभाग के मंत्री और प्रमुख सचिव गहलोत राज के फैसलों की अपने स्तर पर जांच करेंगे। इसके बाद मंत्री और प्रमुख सचिव के स्तर पर स्क्रूटनी होने के बाद कैबिनेट सब कमेटी को फाइनल फैसले के लिए मामले भेजे जाएंगे। यह जानकारी कैबिनेट सब कमेटी के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस बैठक के बाद मीडिया को बताई। इस बैठक में सबसे ज्यादा यूडीएच के 40 मामले फिर विधि, खेल, कला और पीडब्ल्यूडी के मामलों पर भी चर्चा की गई।



### हर मंगलवार को होगी रिव्यू बैठक

पिछले सरकार के फैसलों को रिव्यू करने के लिए कमेटी की हर मंगलवार को बैठक होगी। इन बैठकों में गहलोत राज के फैसलों का विभागवार रिव्यू करके उन्हें बदलने या जारी रखने पर फैसला होगा। गहलोत सरकार के पिछले बजट में की गई सभी घोषणाएं रिव्यू के दायरे में आ गई हैं। महिलाओं को फ्री मोबाइल देने की योजना को कमेटी बंद करने की राय दे सकती है। फिलहाल इस योजना की जांच और रिव्यू का काम चल रहा है। फ्री राशन किट योजना पर भी फिर से विचार होगा। फ्री स्कूल ड्रेस बांटने की योजना का भी स्ट्रक्चर बदलना तय माना जा रहा है।

### पांच साल के सभी बड़े टेंडरों की जांच

गहलोत राज में हर विभाग में हुए सभी बड़े टेंडरों की छानबीन का काम चल रहा है। पीडब्ल्यूडी, जलदाय, बिजली, महिला बाल विकास, आईटी विभाग के सभी बड़े टेंडरों की जांच शुरू हो गई है। पहले हर मंत्री और प्रमुख सचिव अपने स्तर पर विवादित टेंडरों की जांच करेंगे। इसके बाद कमेटी उन पर आगे एक्शन लेने की सिफारिश अपनी रिपोर्ट में करेगी।


### नये कामों के टेंडर पर रोक

प्रदेश में भाजपा की नई सरकार ने आते ही सभी विभागों में नए टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक लगा दी थी। कुछ जरूरी टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर भी मुख्यमंत्री से मंजूरी लेने को कहा गया है। कैबिनेट सब कमेटी गहलोत राज में सरकारी टेंडरों की तय बीएसआर रेट से ज्यादा पर हुए एक करोड़ से ज्यादा के सभी टेंडरों की जांच कर रही है। नए टेंडरों और वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक के पीछे भी यही कारण है। पीडब्ल्यूडी में उन योजनाओं के टेंडरों और वर्क ऑर्डर पर पिछले दिनों रोक हटाई थी, जो केंद्र सरकार की योजनाओं के हैं। बाकी सभी विभागों में रोक बरकरार है।

---

**विधायक ने जांची व्यवस्था**

## आधी रात भट्टा बस्ती थाने के निरीक्षण पर पहुंचे बालमुकुंदाचार्य



हिलव्यू समाचार
जयपुर। प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठन के बाद से हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भट्टा बस्ती थाने के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। विधायक इन दिनों शहर की पुलिसिंग की जांच करने थानों का निरीक्षण कर रहे है। इसी कडी में वे भट्टा बस्ती थाना पहुंचे और पुलिसकर्मियों की हाजिरी चेक की। गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को मौके पर जाकर चेक किया।

विधायक बालमुकुंदाचार्य ने बताया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पुलिस व्यवस्था में क्या बदलाव आया है, यह जांच के लिए मैं भट्टा बस्ती थाने पहुंचा था। रात में गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की जानकारी ली। इस दौरान पुलिसकर्मी मुस्मैदी से काम कर रहे थे। यह बदलाव राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद आया है कि पुलिसकर्मी वक्त पर अपना काम मुस्तैदी से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे सप्ताह में 3 से 4 दिन अलग-अलग स्थान का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

रात को 12 से 3 बजे तक मैं यह देखता हूं कि जिन लोगों को हकीकत में जनता की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, आखिर वे लोग क्या कर रहे हैं। किस चौकी पर कौन पुलिसकर्मी तैनात है। कहां कौन अधिकारी मॉनिटरिंग कर रहा है। इन सबको जांचने के लिए मैं लगातार सड़क पर उतर खुद मॉनिटरिंग करता हूं, ताकि आम जनता सुकून से रह सके। उन्होंने कहा कि अब हम महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने जा रहे हैं। इसके तहत हवामहल विधानसभा क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज के साथ ही प्रमुख पर्यटक स्थल और सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में तैनात किया जाएगा।

**गडकरी का ऐलान:** जयपुर रिंग रोड फेज-2 के लिए 5 हजार करोड़ मंजूर

## जयपुर से दिल्ली के बीच चलेगी इलेक्ट्रिकल केबल बस

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जयपुर रिंगरोड के द्वितीय चरण के लिए 5 हजार करोड़ की मंजूरी देने की घोषणा की है। रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत 92 किमी के 6 लेन ग्रीनफील्ड हाइवे का काम तीन महीने में प्रारंभ किया जाएगा। गडकरी सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में उदयपुर में 2500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की 17 सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हमें प्रदूषण फैलाने वाले परंपरागत ईंधन को छोड़कर बॉयो-डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधन को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे हाईवे पर इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इन बसों में यात्रा सुविधाजनक होगी और किराया डीजल बसों की तुलना में 30 फीसदी कम होगा।



### राजमार्गों के विकास से प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

गडकरी ने जोधपुर एलिवेटेड रोड परियोजना को मंजूरी देने की घोषणा करते हुए कहा कि राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से यहां के सीमेंट, मार्बल और अन्य उद्योगों का तेजी से विकास होगा और राज्य प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। राज्य सरकार राजस्थान को रेलवे फाटक मुक्त बनाने की दिशा में योजना तैयार करे। केंद्र सरकार इसमें पूरी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर किशनगढ़ से दिल्ली के बीच मरम्मत का कार्य 1500 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा है। यह कार्य जून, 2024 तक पूरा हो जाएगा। जयपुर-धौलपुर वाया कौथून-लालसोट-करौली की 93 किमी लंबी सड़क का कार्य 150 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है, जो जून-2024 तक पूरा हो जाएगा। इसी प्रकार 2000 करोड़ की लागत से 105 किमी के जोधपुर रिंग रोड का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। गडकरी ने कहा कि शहरी क्षेत्र की तरह ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में भी आर्थिक प्रगति होनी चाहिए, इसलिए केंद्र सरकार जनजातीय क्षेत्रों में भी सड़क तंत्र के विकास और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उदयपुर में 900 करोड़ रुपए की लागत से 23 किमी के 6 लेन बाईपास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने से उदयपुर शहर को अहमदाबाद जाने वाले ट्रैफिक के दबाव से निजात मिली है। उन्होंने कहा कि उदयपुर-चितौडगढ़ हाईवे का काम पूरा होने से भी आवागमन में राहत मिलेगी।

### डबल इंजन की सरकार से प्रदेश की प्रगति हुई चौगुनी: सीएम भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में विकास की गति चौगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि 2500 करोड़ रुपए से अधिक की सड़कों एवं राजमार्गों के लोकार्पण एवं शिलान्यास से प्रदेश का सड़क तंत्र सुदृढ़ होगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जयपुर की रिंग रोड के द्वितीय फेज स्वीकृत करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अलवर, भरतपुर, सांचौर एवं टोंक जिलों में आरओबी स्वीकृत करने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पूरा होने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई से प्रदेश की दूरी कम होगी। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर-बांसवाड़ा- रतलाम हाईवे के निर्माण से प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र तो विकसित होगा ही साथ ही, खनन उद्योग को भी गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने सड़कों के निर्माण और उन्नयन में क्षेत्रीय असंतुलन पैदा किया। इस भेदभाव का निदान करने के लिए हमारी सरकार ने स्टेट रोड फंड में 1500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है।



**पांच फरवरी को पकड़े गए बांग्लादेशी मोहम्मद मेहमूद को लेकर जोधपुर पहुंची एटीएस**

## नाम बदलकर रह रहे बांग्लादेशियों के ठिकानों पर दी दबिश





जयपुर (हिलव्यू समाचार)। शनिवार को जैसलमेर में एटीएस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। यह सर्च ऑपरेशन उन बांग्लादेशियों के ठिकानों पर चलाया गया जो नाम बदलकर यहां रह रहे थे। मालूम हो कि बीते दिनों जोधपुर से एटीएस ने एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया था। जिसे लेकर टीम आज जैसलमेर पहुंची और संदिग्ध जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। ATS की टीम ने किशोर कुमार बनकर काम करने वाले बांग्लादेश के मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू को नाम बदलकर फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में रहने के मामले में जोधपुर से पकड़ा था। जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को जयपुर ATS ने 63 वर्षीय बांगलादेशी मोहम्मद मेहमूद आलम टुलु उर्फ किशोर को जोधपुर से पकड़ा था। उसके फर्जी दस्तावेज बनाने वाले 2 अन्य युवकों को भी जयपुर से पकड़ा है।

**डॉक्यूमेंट देखकर हुआ शक:** ATS ने बांग्लादेशी और 2 फर्जी कागजात बनाने वाले खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर तीनों को 5 दिन के रिमांड पर भेजा गया है। ATS अब तीनों से फर्जी डॉक्यूमेंट को लेकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान मोहम्मद मेहमूद बीमार हुआ और वो जोधपुर इलाज करवाने गया।जोधपुर के MDM हॉस्पिटल में किशोर व उसके पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज में नाम गलत होने से स्टॉफ को सक हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई,जिसके बाद ATS ने मोहम्मद को पकड़ा।

**हंगामा: ढाई हजार वर्ग फुट जमीन मुक्त करवाई**

## रामबाग गोल्फ क्लब की मनमानी पर चला जेडीए का बुलडोजर

हिलव्यू समाचार
जयपुर। रामबाग गोल्फ क्लब एरिया में किए गए अवैध निर्माण पर जेडीए ने शनिवार को बुलडोजर चला दिया। गोल्फ क्लब की ओर से करीब ढाई हजार वर्ग फीट जेडीए की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन अधिकारी नवरत्न ने बताया कि गोल्फ क्लब द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर हमारी शाखा ने गोल्फ क्लब प्रशासन को 7 दिन पहले नोटिस जारी किया था। नोटिस के बावजूद गोल्फ क्लब प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमण को नहीं हटाया। जेडीए की टीम ने शनिवार सुबह 10: 30 बजे कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सबसे पहले जेडीए का दस्ता गोल्फ क्लब परिसर पहुंचा। जहां लगभग ढाई हजार वर्ग फीट के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में लगभग 2 घंटे का वक्त लगा।





### तीन हॉल और टिन शेड लगाकर किया था अवैध निर्माण

रामबाग गोल्फ क्लब प्रशासन ने सेंट्रल पार्क में बने गांधी दर्शन म्यूजियम से सटी जमीन पर तीन हॉल और टिन शेड की मदद से अवैध निर्माण किया था। इसके साथ ही कार सर्विस को लेकर भी सर्विस पॉइंट तैयार हुए थे, जिन्हें जेडीए ने ध्वस्त कर दिया है। जेडीए ने अवैध निर्माण को गिराया। वहां पर बड़े एरिया में टिन शेड भी लगा था।

### गोल्फ के नाम पर शराब पार्टी का भी आरोप

सेंट्रल पार्क बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण की आड़ में गोल्फ क्लब द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। इसकी शिकायत मैंने पूर्व जेडीसी से भी की थी। उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि गोल्फ क्लब द्वारा उन्हें यहां मैंबरशिप दे दी गई थी। इसके बाद मैंने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की। इस पर संज्ञान लेते हुए नए जेडीसी ने यहां कार्रवाई को अंजाम दिया है। यादव ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण की आड़ में गोल्फ क्लब द्वारा खेल के नाम पर यहां शराब पार्टी की जाती है, जो नियमों के विपरीत है। ऐसे में इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

सम्पादकीय

# जनादेश पाकिस्तान की फौज के लिए सबक

आर्थिक संकट और नकदी की समस्या से जूझ रहे पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजों के बाद वहां राजनीतिक संकट भी गहराता हुआ नजर आ रहा है। पाकिस्तान में गुरुवार आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजों ने पहली बार पाकिस्तान की फौज और पाक सुप्रीम अदालत को अपने ही आवाम के सामने एक्सपोज कर दिया है। पाकिस्तान की फौज की नापसंदगी और अमेरिकी दबाव में बहुमत की इमरान खान सरकार को जिस तरह रातोंरात सत्ता से बेदखल किया गया और पीएमएल-एन के नेता शाहबाज शरीफ व पीपीपी के बिलावल भुट्टो की नई सरकार बनवाई गई, उस अन्याय को पाकिस्तान की जनता समेत समूचे विश्व ने देखा। पाक फौज ने न केवल इमरान को सत्ता से बेदखल करवाया, सुप्रीम अदालत व चुनाव आयोग के माध्यम से इमरान खान व उनकी पार्टी पीटीआई के चुनाव लड़ने के सारे दरवाजे बंद करवा दिए। पाक फौज, पाक सुप्रीम अदालत और पाक चुनाव आयोग की तिकड़ी ताकत के बावजूद इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित उम्मीदवार की सबसे बड़ी जीत हुई है। यह जीत दर्शाती है कि पाकिस्तान की जनता ने अपनी फौज के नापाक कारनामों का करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान का दुर्भाग्य रहा है कि देश बनने के साथ ही वह अपनी फौज के चंगुल में रहा। कभी भी लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सका, इस्लामिक गणतंत्र पाकिस्तान में सत्ता में गण की नहीं फौज की चली। फौज का काम सरहद की सुरक्षा है, लेकिन पाक फौज सत्ता की 'खिलाड़ी' बनी रही, कभी प्रत्यक्ष तौर पर कभी अप्रत्यक्ष तौर पर। जिस फौज को अपने वतन की सुरक्षा तक अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए था, वह सत्ता के खेल में ज्यादा मशगूल रही। इस बार के आम चुनाव में खंडित जनादेश आया है। पाक के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीयों ने सबसे अधिक 101 सीटों पर विजय पाई है। तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की। पाक संसद में कुल 265 सीट हैं, सरकार बनाने के लिए जादुई आंकड़ा 133 है। तकनीकी रूप से नवाज को ही सरकार बनाने का अवसर मिलेगा, पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अपना समर्थन भी जता दिया है, यह पाक राष्ट्रपति को इशारा है कि आगे क्या करना है, नवाज नई सरकार बना भी लें, लेकिन उनकी जमीर को पता होगा कि पाक जनता ने उन्हें जनादेश नहीं दिया है, वे पाक फौज की तिकड़म से सत्ता में हैं। जनादेश इमरान खान को ही मिला है। पाकिस्तान फौज ने कभी भी अपने नेता का सम्मान नहीं किया है, पाक फौज के दखल के चलते वहां कभी भी लोकतंत्र ने सुचारू रूप से काम ही नहीं किया है। अधिकांश चुने हुए प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया, पद से हटने के बाद उनके लिए अपना ही मुल्क सुरक्षित नहीं रहा। यह चुनाव पाक फौज, पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई, पाक की सुप्रीम अदालत, और पाक चुनाव आयोग के लिए सबक है, कि लोकतंत्र में जनता की ताकत सर्वोपरि है, इस ताकत को नकारने का मतलब खुद की साख को खत्म करना है।

# तेजी से विकास करेगा नया भारत



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

श्वेतपत्र में कहा गया है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले दस वर्षों में तेज आर्थिक सुधार हुए हैं। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊँचाइयों पर रेखांकित है। देश में 2014 में 234 सार्वजनिक उपक्रम थे, लेकिन आज इनकी संख्या 254 है। उद्योग, कृषि, सर्विस सेक्टर भी तेजी से बढ़े हैं। भारत तेज आर्थिक विकास के साथ एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। देश के विकास में वित्तीय अनुशासन अहम भूमिका निभा रहा है। अंतरिम बजट विकास, निवेश और राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर उपयुक्त हैं।

नौ फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार के 'तीसरे कार्यकाल' के दौरान नया भारत तेज रफ्तार के साथ काम करेगा। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरतता हुआ दिखाई देगा। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार लगातार बढ़ रही है और राजकोषीय घाटा कम हो रहा है। यह आय बढ़ने, गरीबी घटने का समय है। 25 करोड़ लोग पिछले दस वर्ष में गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी नीतियों में स्थिरता और निरंतरता पर फोकस किया है। उनके हर बजट में चार प्रमुख बातें रही हैं- बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं व उत्पादकता बढ़ाने से संबंधी मदों पर व्यय में रिकॉर्ड वृद्धि, अभूतपूर्व कल्याणकारी योजनाएं, फिजूलखर्ची पर लगाम और वित्तीय अनुशासन। इनके उत्साहजनक परिणाम मिले हैं।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि 8 फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को रफ्तार दिए जाने पर पेश किए गए श्वेतपत्र में कहा गया है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले दस वर्षों में तेज आर्थिक सुधार हुए हैं। इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। भारतीय शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊँचाइयों पर रेखांकित हैं। देश में 2014 में 234 सार्वजनिक उपक्रम थे, लेकिन आज इनकी संख्या 254 है। उद्योग, कृषि, सर्विस सेक्टर भी तेजी से बढ़े हैं। भारत तेज आर्थिक विकास के साथ एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। वैश्विक विकास के इंजन के तौर पर स्थापित हुआ है। भारत की ओर वैश्विक कंपनियों के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि देश के विकास में वित्तीय अनुशासन अहम भूमिका निभा रहा है। दुनिया की प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के द्वारा कहा भारत है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट 2024-25 में जो बजट प्रावधान प्रस्तुत किए गए है, वे भारत के विकास, भारत में निवेश और भारत की राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर उपयुक्त हैं। फिच ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले प्रस्तुत हुए भारत के अंतरिम बजट 2024-25 में राजकोषीय घाटे को पहले के दो वर्षों की तुलना में तेजी से कम करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही पूंजीगत व्यय बढ़ाया है, अब नई सरकार के द्वारा प्रस्तुत किए जाने पूर्ण बजट में आर्थिक सुधारों संबंधी कदमों को ध्यान में रखा जाना होगा। इसी तरह एसएंडपी ने कहा कि इस समय भारत की सॉवरेन रेटिंग औसत से ऊपर चल रही है, उम्मीद है कि अब भारत में अगली सरकार बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर निवेश नए आर्थिक सुधारों और अन्य पूंजीगत व्यय को बढ़ाते हुए राजकोषीय घाटे को कम करने में सफल रहेगी



इससे भारत की रेटिंग मजबूत होगी। एसएंडपी ने यह भी कहा है कि यदि भारत में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला सत्तासीन एनडीए गठबंधन फिर से आता है, तो भारत में नीतिगत निश्चितता होगी।

ऐसे में अब निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार के द्वारा कुछ अहम सुधारों को वैधानिक बनाना और उनका क्रियान्वयन करना जरूरी होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि और अन्य सुधारों की जरूरत बनी हुई है। श्रम कानूनों में सन 1990 के दशक में सुधार किया जाना चाहिए था जो अब तक नहीं हुए हैं। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने की महत्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है। सरकार ने इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020, आक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी, 2020 और वेतन संहिता कोड 2019 को दिसंबर 2020 में एक साथ लागू करने के संकेत दिए थे, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। इन श्रम संहिताओं से जहाँ कामगारों के लिए मजदूरी सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का दायरा काफी बढ़ाया गया है, वहीं इन संहिताओं के तहत श्रम कानूनों की सख्ती कम करने और अनुपालन की जरूरतों को कम करने जैसी व्यवस्थाओं से उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेंगे और इससे रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। जहाँ प्रस्तावित नए श्रम कानूनों के तहत श्रमिक वर्ग के लिए कई लाभ दिखाई दे रहे हैं, वहीं उद्यमियों के कारोबार को आसान बनाने के लिए कई प्रावधान भी लाए गए हैं।

अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियाँ चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। वियतनाम, बांग्लादेश तथा अन्य देश लचीले श्रम कानूनों के कारण इससे लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत ने भी नई सरकार के द्वारा नए श्रम कानूनों से विनिर्माण को हरसंभव प्रोत्साहन देने की प्राथमिकता रखी जानी होगी। निसंदेह नए प्रस्तावित श्रम कानून पासा पलटने वाले और नियोक्ता, कर्मचारियों और सरकार तीनों के लिये फायदेमंद सिद्ध हो सकते हैं। अब अधिक रोजगार तैयार करने के लिए अप्रेंटिस योजना पर जोर देने की जरूरत है। अप्रेंटिसशिप से सस्ता श्रम और कौशल के अवसर मिलते हैं। अब शहरों में अधिक रोजगार अवसर निर्मित करने के लिए केंद्र-राज्य संबंधों में नगर निकायों और स्थानीय निकायों को अधिक शक्ति देने की बात शामिल करनी होगी।

वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की स्थापना करने की घोषणा की है, लेकिन यह शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश के लिए पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत में निवेश कम है। सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में हमारा शोध एवं विकास क्षेत्र का कुल व्यय 2020-21 में केवल 0.64 फीसदी था। यह 2.71 फीसदी के वैश्विक स्तर से बेहद कम था। हमारे देश में बड़ी-बड़ी आईटी तथा अन्य कंपनियां भी शोध एवं विकास में अपनी बिक्री का एक फीसदी से भी कम व्यय करती है। इसके विपरीत अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी जैसे देशों में आईटी व अन्य क्षेत्रों की कंपनियों के तेज विकास का प्रमुख कारण शोध एवं नवाचार पर उनके द्वारा अधिक व्यय किया जाना प्रमुख कारण हैं वैश्विक बौद्धिक संपदा संस्थान के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत को 2023 में 40वां स्थान मिला था। इससे स्पष्ट होता है कि भारत शोध और नवाचार को बढ़ावा देने में बहुत पीछे हैं। एक ऐसी दुनिया में जहां तकनीक बहुत कुछ तय करती है केवल सरकार के द्वारा नवाचार पर धन बढ़ाने के अलावा भारत की बड़ी कंपनियों को भी अपनी मुट्ठियाँ खोलनी होंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

एकात्म मानववाद
धरम लाल कौशिक



# नर में नारायण देखते थे दीनदयाल

22 जनवरी 2024 को राष्ट्र जीवन में एक ऐसा अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसने पूरे देश के वातावरण को राममय बना दिया है। रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या में संपन्न हुआ, लेकिन इस सांस्कृतिक उत्सव में भारतीय समाज ने जिस प्रकार सहभागिता सुनिश्चित की, वह अभूतपूर्व एवं विलक्षण के साथ दैवीय है। पश्चिम जगत के बुद्धिजीवियों में यह एक कथित धारणा रही है कि भारत का अपना कोई अर्थचिंतन नहीं है। यहां तक कि वह चाणक्य के अर्थशास्त्र को सिर्फ एक पुस्तक मानते थे। पश्चिम के दार्शनिकों ने समय-समय पर अपनी सुविधा और पूंजीवादी व्यवस्था के पोषण के लिए राजनीतिक दर्शनों का प्रतिपादन और उपयोग किया। भारत में प्रभु श्रीराम के जीवन और रामराज्य की शाश्वत व्यवस्था के रूप में अंत्योदय की परिकल्पना हजारों साल से उपस्थित रही है। श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद के रूप में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने का सैद्धांतिक ही नहीं व्यावहारिक दर्शन लोगों के समक्ष रखा। हालांकि वामपंथियों एवं कांग्रेस ने देश की समृद्धि के इस मूल विचार की हमेशा उपेक्षा की। आज इसका प्रतिफल परिवारवाद एवं तुष्टिकरण में जुटे राजनीतिक दलों के सामने है। भारतीय समाज आज रामराज्य की व्यावहारिक सिद्धि शासन तंत्र में भी देख रहा है। इसके पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय का दर्शन है, जो भाजपा के लिए मात्र वैचारिक पूंजी नहीं, बल्कि भाजपा की



सरकारों की हर जनकल्याणकारी नीति का मंगलाचरण मंत्र है। दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद का जो दर्शन दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया, वह कोई मौलिक विचार नहीं था। वह इस देश की धमनियों में हजारों साल से प्रवाहित विचार है। वह रामराज्य के समय से चली आ रही विचारधारा थी, जिसे दीनदयाल जी ने स्वदेशी के दर्शन से विमुख होती राजनीतिक व्यवस्थाओं के समक्ष रखा। यही वजह है कि जब पूंजीवादी एवं साम्यवादी तथा कार्ल मार्क्स से लेकर दुनिया भर के विचारक व उनकी विचारधाराएं गौण होती जा रही हैं, तब मानवीय जीवन के सम्मुख उपस्थित तमाम संकटों का समाधान 'एकात्म मानववाद' में नजर आता है। दीनदयाल जी कहते हैं कि हम अपने जीवन दर्शन का विचार कर भारतीय अर्थव्यवस्था का मौलिक निरुपण करें। भारत की समस्याओं का समाधान वह स्वत्व के आधार पर करने का आग्रह करते हैं। दरअसल, प्रानुकरण अथवा नकल से किसी भी क्षेत्र में कुछ तात्कालिक सफलताएं प्राप्त हो सकती हैं, लेकिन किसी भी देश की समृद्धि का नैसर्गिक आधार स्वत्व के आधार पर ही खड़ा होता है। भारतीय चिंतन के मनीषी दीनदयाल जी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'भारतीय अर्थनीति के विकास की दिशा' प्रत्येक युवा विशेष रूप से सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति को पढ़नी चाहिए। इस पुस्तक में स्वदेशी अर्थशास्त्र का जिस व्यावहारिक एवं सुंदर तरीके से वर्णन किया गया है, वह दुर्लभ और मार्गदर्शक है। इसके अलावा सम्राट चंद्रगुप्त, टैक्स या लूट, बेकारी की समस्या और उसका हल, अखंड भारत, विश्वासघात, जनसंघ सिद्धांत, राष्ट्र जीवन की समस्याएं, अमेरिकी अनाज पीएल 480, एकात्म मानववाद समेत कई पुस्तक आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं का हल प्रस्तुत करती हैं। उदाहरण के लिए आज हम देखते हैं कि भौतिकवाद की पूर्ति के लिए प्रकृति का कितना अधिक दोहन किया जा रहा है। दीनदयाल जी का समग्र दर्शन जमीन, जल, जंगल और जीवन के मध्य संतुलन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। एकात्म मानववाद का दर्शन मात्र मानवीय जीवन की समृद्धि की बात नहीं करता बल्कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की बात करता है। वह प्रकृति के शोषण नहीं उपयोग के पक्षधर हैं। यही एकात्म अर्थनीति की आत्मा है। हमारी संपूर्ण व्यवस्था का केंद्र मानव होना चाहिए। भौतिक संसाधन मानवीय जीवन को सुख प्रदान करने का साधन हैं। यह साध्य नहीं बनने चाहिए। यदि हम पं. दीनदयाल जी के स्वदेशी चिंतन पर चलेंगे तो मानवीय जीवन का उत्थान होगा एवं प्रकृति समृद्धि भी बनी रहेगी। आज संयुक्त राष्ट्र संघ समेत वैश्विक संस्थाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय मंच जिस समावेशी विकास की बात कर रहे हैं, एकात्म मानववाद में वह अत्यंत सरल एवं व्यावहारिक रूप में परिभाषित है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और उसकी सरकारों ने देश में एक ऐसा अर्थतंत्र विकसित किया, जिसने भारत की आत्मनिर्भरता को विच्छेदित किया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग पर आधारित जिस अर्थतंत्र की ओर आगे बढ़ रहा है, उससे राष्ट्रीयता की जड़ें मजबूत हो रही हैं।

( लेखक छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है। **- श्रीश्री रविशंकर**

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**समय पर बनाए जाएं मतदाता पहचान पत्र**

देश में लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। चुनाव आयोग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। लोकतंत्र में चुनाव की मुख्य भूमिका होती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए उचित तरीकों से चुनाव होना और चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित होना भी जरूरी है। युवाओं का हर चुनाव में भाग लेना जरूरी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में बहुत से युवा पहली बार इस मतदान में भाग लेंगे, क्योंकि हाल में इन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने पर अपना नाम वोटर सूची में शामिल करने के लिए अप्लाई किया होगा। चुनाव आयोग को चाहिए कि जिन युवाओं ने अपना नाम वोटर सूची में शामिल करने के लिए अप्लाई किया है। - **शिरिश दुबे**, धमतरी

## ट्रेंड

### समावेशन नवाचार को बढ़ाएगा



वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महिलाओं की केवल 1/3 भागीदारी है। वे कम धन और कम कैरियर के अवसर प्राप्त करती हैं। महिलाएं एवं लड़कियां विज्ञान क्षेत्र से संबंधित हैं। यह पहचानने का समय है कि समावेशन नवाचार को बढ़ावा देता है।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### अपने भीतर के बच्चे को खोजें



जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, हम अपना उत्साह और खुशी खोते जाते हैं। क्योंकि हम अपना विश्वास और मासूमियत खो देते हैं। हममें से प्रत्येक के अंदर कहीं न कहीं एक बच्चे की खुशी, मासूमियत और विश्वास निष्क्रिय पड़ा हुआ है। उन्हें पुनः खोजें।
-माता अमृतानंदमयी, आध्यात्मिक गुरु

### यह कैसी सरकार का लक्षण



किसानों के रास्ते में कील बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? इसी किसान विरोधी रवैये ने 750 किसानों की जान ली थी। किसानों के खिलाफ काम करना, फिर उनको आवाज भी न उठाने देना-कैसी सरकार का लक्षण है?
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### विराम की कला



विराम की कला में महारत हासिल करें। संदेह होने पर विचार करने के लिए रुकें, क्रोध बढ़ने पर शांत होने के लिए रुकें, जब थकान महसूस हो तो आराम करने के लिए रुकें, तनाव बढ़ने पर सांस लेने के लिए रुकें।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चुनाव से पहले आमने-सामने आए हेली व ट्रंप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को सवाल किया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली के पति प्रचार अभियान में उनके साथ क्यों नहीं हैं। इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। माइकल इस वक्त सैन्य सेवा के तहत विदेश में तैनात हैं। ट्रंप ने साउथ कैरोलाइना के कॉनवे में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'उनके पति को क्या हुआ। वह कहां हैं? वह चले गए हैं।' ट्रंप और हेली 24 फरवरी को रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव के मद्देनजर राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। दोनों राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल हैं। पूर्व राष्ट्रपति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए हेली ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'माइकल हमारे देश की सेवा में तैनात हैं, जिसके बारे में आप कुछ भी नहीं जानते।' उन्होंने अपने पति की सेवा पर गर्व जताते हुए कहा कि हर सैनिक की पत्नी जानती है कि सेना में काम करना एक ''पारिवारिक बलिदान'' है। हेली ने एक कार्यक्रम में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप अगर आपको कुछ कहना है तो मेरे पीठ पीछे मत कहिए। मंच पर आकर बहस करिए और मेरे सामने कहिए।' उन्होंने ट्रंप की पत्नी और पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप की भी प्रचार अभियान में गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए।

## ऑफ बीट

# स्तनपान से माताओं को भी है काफी फायदा



दुनिया में हर सेकंड चार बच्चे पैदा होते हैं और जन्म के समय उनके पहले भोजन के लिए केवल दो विकल्प होते हैं: मां का दूध या फॉर्मूला। हालाँकि, वैश्विक और अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी इस बात से सहमत हैं कि मां का दूध शिशुओं के लिए सर्वोत्तम पोषण प्रदान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स शिशु के जीवन के पहले छह महीनों तक विशेष रूप से स्तनपान की सलाह देते हैं। ठोस खाद्य पदार्थों की शुरूआत के बाद, ये संगठन दो साल और उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने की सलाह देते हैं। मां का दूध शिशुओं को सीधे स्तनपान के माध्यम से या पंप करके दूध को एक कप या बोतल में डालकर दिया जा सकता है। शिशुओं के लिए स्तनपान और मां के दूध के स्वास्थ्य लाभ इसकी संरचना से उत्पन्न होते हैं, जिसमें विटामिन, खनिज और एंटीबॉडी शामिल होते हैं जो बढ़ते शिशु की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय के साथ इसकी संरचना को बदलने में मदद कर सकते हैं। मानव दूध की गुणवत्ता के कारण आमतौर पर इसके ज्ञात लाभों के बारे में सब जानते हैं, जैसे कि स्तनपान करने वाले शिशुओं में कान और जठरांत्र संक्रमण का कम जोखिम होता है।

मुख्यमंत्री पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और विचारों को बताया आदर्श

# विश्व मानता है 21वीं सदी भारत की

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार मां भारती के लिए समय व परिस्थिति को देखते हुए बहुत ही प्रेणादायी और बहुत ही सारगर्भित रहे। उन्होंने कहा कि जब देश साम्यवादी-पूंजीवादी व्यवस्था पर चल रहा था तब पंडित उपाध्याय ने अंत्योदय का विचार देकर राष्ट्रवाद की कल्पना की और उस विचार को आगे बढ़ाया।

सीएम शर्मा रविवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धानक्या स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रवादी लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। देश हजारों साल तक हुण, कुषाण इस्लाम और अंग्रेजों की गुलामी झेल चुका था, तब परिस्थितियां इतनी विकट थीं कि हमारी सांस्कृतिक विरासतों को कमजोर कर दिया गया था। ऐसे में राष्ट्रवादियों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी और आजादी के लिए स्वयं को न्योछावर कर दिया। आजादी मिली तब तक राष्ट्रवादी लोग या तो चले गए या उम्र के आखिरी पड़ाव पर थे, जब सरकार बनी तो दो धाराएं बन गई। एक वो थे जो सत्ता हासिल करना चाह रहे थे और एक वो थे जिन्होंने आजाद देश के सपने देखे और कई बरसों तक संघर्ष किया। ऐसे माहौल में पंडित दीनदयाल ने देश के अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की परिकल्पना के अंतर्गत अंत्योदय के विचार दिया।



## एकात्म मानववाद को लेकर चले थे उपाध्याय

सीएम ने कहा कि पंडित उपाध्याय एकात्म मानववाद को लेकर वो चलने वाले व्यक्ति थे। वर्तमान में हमारे देश को उसी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह कहते थे देश की खुशहाली गांव के किसानों से निकली है। जब किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। हमारी योजनाएं घर घर तक पहुंच रही हैं। हम गरीब की पीड़ा को जानते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारे पड़ोसी को, हमारे गांव को, हमारे मोहल्ले को... जिसको भी हमारी जरूरत है, हम उसे सहयोग कर अपना कर्तव्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज दुनिया भी मानने लगी है 21वीं सदी भारत की होगी। 21वीं सदी में भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, स्मारक समिति के अध्यक्ष मोहनलाल, भाजपा नेता ओंकार सिंह लखावत, निंबाराम सहित कई मंत्री, विधायक और आरएसएस तथा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सीएम ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वर्ष 1977 में मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने भारत में पहली बार अंत्योदय के विचार के तहत 'काम के बदले अनाज योजना' लागू की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' दी। आज प्रधानमंत्री भी इसके तहत गरीब कल्याण की योजना, गरीबों को आवास, शौचालय, बिजली, पानी तक उपलब्ध करवाने का काम कर रहे हैं, यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार था।

## पहले देश नीचे से 5वें स्थान पर था अब ऊपर से है: धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वच्छता और शौचालय अभियान इतनी बड़ी क्रांति बन गई है कि किसी ने सोचा नहीं था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को संबोधन में हर घर शौचालय की बात की तो उस वक्त मजाक उड़ाया गया था। आज हर घर में शौचालय है। इसी तरह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम से भी नारी शक्ति को आगे बढ़ने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले भारत की क्या स्थिति थी। पहले नीचे से 5वें नंबर पर हमारी गिनती होती थी, अब हमने कनाडा को पीछे छोड़ा है। हमने फ्रांस को पीछे छोड़ा है और ये इतना बड़ा बदलाव इसीलिए आया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। धनखड़ ने कहा कि आज हमारे देश में दीये, कैंडल, फर्नीचर, बाहर से आ रहा है। इसके दो दुष्परिणाम हैं। हमारा फॉरेन एक्सचेंज बड़ी मात्रा में बाहर जा रहा है। हम यहां के व्यापारियों के हाथ काट रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुआ कहा- इसे करना सरकार के बस की बात नहीं है, क्योंकि सरकार विश्व के बंधन में है। वहां कई प्रकार के नीतियां चलती हैं। लोगों पर कोई बंधन नहीं हैं। लोगों को स्वदेशी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए।

**500 साल के संघर्ष के बाद बना राम मंदिर: राज्यवर्धन:** प्रदेश के काबिना मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि पीएम मोदी का उद्देश्य है कि अंतिम छोर के व्यक्ति को प्रत्येक योजना का लाभ मिले। पीएम मोदी ने देश को मजबूती दी है। आज 500 साल बाद राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है, जो देश के लिए गौरव की बात है। अंत्योदय की यात्रा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन गरीबों की सहायता में बीता है।

## अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति आज सीएम है: निंबाराम

आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने कहा कि आज इस परिसर से बाहर लगी एक फोटो प्रदर्शनी के फोटो को देखकर मेरे मन में विचार आया कि राजस्थान में पंडित उपाध्याय का जो अंत्योदय का विचार था, वह स्थापित है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में एक फोटो लगा हुआ है। इसमें भजनलाल शर्मा, राजनाथ सिंह के दौरे के समय व्यवस्थाओं में भागते दौड़ते नजर आ रहे हैं। तब मेरे मन में विचार आया कि जो व्यक्ति उस समय अंतिम पंक्ति में खड़ा था। वह आज राजस्थान का मुख्यमंत्री है।

एक नज़र

## लोकसभा चुनाव: ग्राम परिक्रमा यात्रा से किसानों को साधेगी भाजपा



■ प्रदेश के 15 हजार गांव-वार्डों में जाएगी यात्रा

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव से पहले किसानों को साधने के लिए अब भाजपा "ग्राम परिक्रमा यात्रा' शुरू करने जा रही है। इस देशव्यापी मुहिम का आगाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर जिले से करेंगे। एक महीने में प्रदेश के करीब 15 हजार गांव-वार्डों में यह यात्रा जाएगी।

राजस्थान में इस यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा को जिम्मा दिया गया है, जिसके तहत किसान मोर्चा ने प्रदेश और जिला स्तर पर कमेटियों का गठन कर दिया है।

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है। रामनरेश तिवारी ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी को प्रदेश समिति का संयोजक बनाया गया है, जबकि महामंत्री ओपी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी व गणपत सिंह राठौड़ को सदस्य बनाया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश ढाका और सोशल मीडिया प्रभारी गुरजंट सिंह धालीवाल को भी समिति में शामिल किया गया है।

### गाय, हल, ट्रैक्टर की पूजा

रामनरेश तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के शुक्रताल गांव से यात्रा का आगाज करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान के संगठनात्मक 44 जिलों से भी इस यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जहां गाय, हल, ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों की पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस यात्रा में ग्रामीणों और किसानों से चर्चा कर लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र के लिए सुझाव भी लिए जाएंगे।

राज्य सरकार ने जारी किए आदेश, पांच को अतिरिक्त कार्यभार

## छह IFS के तबादले, 2 विशिष्ट सहायक बदले



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राज्य सरकार ने रविवार को एक आदेश जारी कर भारतीय वन सेवा के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं 5 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा दो मंत्रियों के विशिष्ट सहायक भी बदले हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार आईएफएस पवन कुमार उपाध्याय को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक लगाया गया है। राजेश कुमार गुप्ता को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, बीजो जॉय को वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, संग्राम सिंह कटियार को उप वन संरक्षक जयपुर विकास प्राधिकरण, देवेंद्र प्रताप जागावत को उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर और कस्तूरी प्रशांत सूले को उपवन संरक्षक सिरोही के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा आईएफएस अरिजीत बनर्जी, शिखा मेहरा, के.सी.ए. अरुण प्रसाद, राम करन खेरवा और सुनील को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### इन मंत्रियों के विशिष्ट सहायक बदले

वहीं डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा और बाबू लाल खराड़ी के विशिष्ट सहायक आपस में बदले गए हैं। आरएएस अधिकारी राजेंद्र सिंह राठौड़ अब मंत्री बाबू खराड़ी के विशिष्ट सहायक होंगे। वहीं भगवती सिंह राठौड़ डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा के विशिष्ट सहायक होंगे। 9 फरवरी को जारी हुई तबादला सूची में राजेंद्र राठौड़ प्रेम चंद्र बैरवा और भगवती सिंह राठौड़बाबू लाल खराड़ी के विशिष्ट सहायक नियुक्त किए थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने नागपुर में सिंधी सम्मेलन को किया संबोधित

# राष्ट्र के विकास में सिंधी समाज निभाएं भागीदारी: देवनानी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है।

देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बात कही।

आयोजन में मौजूद समाज लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने सिंधी भाषा और संस्कृति के संरक्षण और विकास का आह्वान किया। देवनानी ने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा। हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी एक प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होंने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है।

यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं। सिंधी समाज द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए देवनानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नागपुर में दौरे के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के दीक्षा स्थल पर भी पहुंचे। उन्होंने यहां डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर सुखद अनुभूति हुई है, साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर हमारे प्रेरणा स्रोत हैं।

### डॉ. हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे दीक्षा भूमि भी गए और हेडगेवार की जन्मस्थली पर पहुंचकर पवित्र स्थल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय हैं। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को उदयपुर पहुंचेंगे, जहां वे प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

## गरीब आर्थिक वजह से न रहे न्याय से वंचित: CJ श्रीवास्तव



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत रविवार की सुबह 'रन फोर लीगल एड' स्मॉल डिस्टेंस मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

मैराथन का आगाज मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बैलून उड़ाकर व हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि 'रन फोर लीगल एड' के आयोजन का उद्देश्य यह है कि गरीब वर्ग किसी भी आर्थिक व सामाजिक वजह से न्याय से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ये संदेश देना चाहते हैं कि आम जनता तक विधिक सेवा पहुंचाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध व संकल्पित हैं। हम समाज के हर व्यक्ति तक विधिक जागरूकता पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगजन तक भी विधिक संबंधी सभी जानकारियां व सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी हम पूर्ण रूप से प्रयासरत हैं।

### सीपीआर का दिया लाइव प्रशिक्षण

इस दौरान डॉ. रक्षा व्यास द्वारा सीपीआर का लाइव प्रशिक्षण देकर सभी को जागरूक किया गया। मैराथन के विजेता प्रथम अमन बिश्नोई, द्वितीय निमन्यु प्रशांत भारद्वाज, तृतीय नत्थूराम रहे।

वनमंत्री ने सुनी 500 लोगों की समस्याएं

# परिवेदना निस्तारण के बाद फरियादी को भी भेजें इसकी सूचना: शर्मा

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अंबेडकर नगर में जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान करीब 500 परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा ने कहा कि अधिकारी आमजन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक लें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण के बाद संबंधित व्यक्ति को परिवेदना के निस्तारण की सूचना भी दी जाए। यदि परिवेदना उच्च स्तर पर निस्तारित होनी है तो इसकी सूचना भी फरियादी को दी जाए। उन्होंने कहा कि निस्तारित की हुई किसी भी परिवेदना के फरियादियों से निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जा सकता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में मंत्री शर्मा के समक्ष जिलेभर से आए करीब 500 फरियादियों ने अपनी परिवेदना रखी। इसमें मुख्य रूप से ग्राम लीली से लक्ष्मणगढ़ तक डामर सड़क निर्माण करवाने, ग्राम पंचायत बखतपुरा में 33 केवी विद्युत लाइन को शिफ्ट कराने, ग्राम भूगोर में कंकरीट सड़क निर्माण करवाने, कोटपूतली-बहरोड के ग्राम काठूवास में अवैध रूप से संचालित पत्थर कटाई मशीन को बंद करवाने, बानसूर के गांव भूरियाबास के ग्रामीणों द्वारा नाका हमीरपुर में अवैध खनन व अतिक्रमण रोकथाम के लिए परिवेदना प्रस्तुत की गई।

इस पर वन मंत्री शर्मा ने मौके पर डीएफओ को भेजकर खनन प्रभावित क्षेत्र के आवागमन के रास्तों पर खाई खुदवाई। इसी प्रकार अलवर शहर के वार्ड नं. 21 में पेयजल लाइन डलवाने, दो नई बोरिंग करवाने व विद्युत लाइन को बदलवाने, विवेकानंद नगर के सैक्टर-4 में सीवरेज लाइन डलवाने, वार्ड नं. 43 में तीन नई सड़क बनवाने, वार्ड-15 में पानी की सप्लाई लाइन डलवाने, सी ब्लॉक हसन खां मेवात समिति की ओर से पेयजल समस्या, अम्बेडकर नगर में एक वर्ष से पानी सप्लाई नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकर की मांग फरियादियों की ओर से की गई। इस पर मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



### सात दिन में निस्तारण के निर्देश

वनमंत्री शर्मा ने यूआईटी के उप सचिव को निर्देश दिए कि यूआईटी से संबंधित आई परिवेदनाओं को सात दिन में निस्तारित करें। जनसुनवाई के दौरान जाटव महासभा शाखा अलवर की ओर से छात्रावास के लिए यूआईटी से भूमि आवंटित कराने की मांग की गई। वहीं जिले के देवती-रामसागर बांध को ईआरसीपी की डीपीआर में जुड़वाने के लिए 13 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने वनमंत्री शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर पौधारोपण

वन एवं पर्यावरण मंत्री शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 51 पौधे लगाए एवं श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल ने एकात्म मानववाद का सिद्धांत और अन्त्योदय की परिकल्पना विश्व को दी है। उनके विचारों को आगे बढाते हुए केन्द्र सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को राहत प्रदान करने का कार्य कर रही है।

## एक नज़र

### किचन में साफ-सफाई और खाने की क्वालिटी जांची

## एसीएस ने अस्पतालों में किया निरीक्षण



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के दौरे के बाद अब प्रशासन के दूसरे उच्च अधिकारी भी अपने-अपने विभागों में दौरा कर व्यवस्थाएं देखने में जुट गए। हेल्थ डिपार्टमेंट की एसीएस शुभ्रा सिंह के निर्देश पर शनिवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के कमिश्नर शिव प्रकाश नकाते और संयुक्त सचिव ने सांगानेरी गेट स्थित महिला अस्पताल, जेके लोन हॉस्पिटल और जयपुरिया हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन को देखते हुए उन्होंने काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। एसीएस शुभ्रा सिंह खुद महिला अस्पताल गईं, जहां उनके साथ एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव बगरहट्टा समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

एसीएस ने हॉस्पिटल में भर्ती महिला मरीजों के वार्ड में जाकर उनकी स्थिति देखी और उनसे फीडबैक लिया। एसीएस ने हॉस्पिटल में बने कुछ टॉयलेट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की खराब स्थिति देखी तो उसे ठीक करवाने के लिए कहा। इससे पहले उन्होंने हॉस्पिटल में मौजूद किचन का राउंड करके वहां की साफ-सफाई और खाने की क्वालिटी को देखा। उन्होंने बताया कि तीन हफ्ते पहले जब हमारी टीम यहां आई थी, तब 60 फीसदी टॉयलेट गंदे थे, आज उनमें से 25 फीसदी में बेहतर सुधार हो चुका है। एसीएस के अलावा कमिश्नर शिव प्रकाश नकाते ने जे.के. लोन हॉस्पिटल का दौरा किया और वहां की ओपीडी की व्यवस्था देखी। उन्होंने भी यहां ओपीडी और रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी भीड़ को देखते हुए इसे कम करने पर काम करने के निर्देश दिए।

## 200 बालिकाओं के चेहरे ड्रेस मिली तो खिले



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के अंतर्गत समग्र सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को राजकीय महाराज वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मंदिर रामचंद्रजी पुरानी विधानसभा के सामने हवा महल बाजार में 200 बालिकाओं को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया।

संस्थान के संस्थापक संयोजक डॉ. ज्ञानेश हल्दिया ने बताया कि संस्थान द्वारा अब तक राजकीय विद्यालयों की एक लाख चार हजार से अधिक छात्राओं को स्कूल पोशाक, स्वेटर एवं पुस्तकें एवं होनहार छात्राओं को नगद राशि भी वितरित की जा चुकी है। इस सत्र के तृतीय चरण में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालमुकुंद आचार्य विधायक हवा महल विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि चंद्र मोहन बटवाडा हेमंत जाखड़ एसीपी माणक चौक, कुसुम यादव पार्षद वार्ड नंबर 73 के द्वारा बालिकाओं को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही साथ युवा पीढ़ी में बढ़ती धूम्रपान एवं नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए बैनर पोस्टर के साथ बालक बालिकाओं की एक रैली माणक चौक थाने से रवाना होकर रामगंज बाजार रामगंज चौपड़ होते हुए हवा महल बाजार रामचंद्र जी के मंदिर पहुंची एवं रैली के द्वारा धूम्रपान एवं नशे से होने वाले खतरों से आमजन को अवगत कराया गया । कार्यक्रम में आलोक हल्दिया, प्रिया हल्दिया, अलका हल्दिया,अजय यादव पूर्व चेयरमैन आदि का बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गजानंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### डिप्टी सीएम बैरवा ने कोऑपरेटिव बैंक शाखा के उदघाटन में कहा...

# राजस्थान के विकास में प्रत्येक व्यक्ति को बनना होगा भागीदार

**हिलव्यू समाचार**
**अजमेर।** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा रविवार को अजमेर के किशनगढ़ में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की शाखा का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा- भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य राजस्थान में वंचित और पिछड़े वर्ग को भी योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा में लाना है।

निकटवर्ती गांव अराई में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की शाखा का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और विशिष्ट अतिथि नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा थे।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि राजस्थान के विकास में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को भागीदार बनना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को पूरा करने में लोगों की भागीदारी जरूरी है, तभी राजस्थान का विकास हो पाएगा। विकसित भारत योजनाओं के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। भाजपा सरकार हर वर्ग को मुख्यधारा में लाने का काम करेगी। इसके लिए सभी को प्रयत्नशील होना होगा। इसमें आम जनता का सहयोग जरूरी है। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार मिलकर राजस्थान के विकास में जुट गई है। प्रदेश को चहूंमुखी विकास के रास्ते पर ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आम नागरिक के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के लिए कई योजनाएं चलाई है, जिनका लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की सोच को लेकर योजनाएं लागू कर रहे हैं, जिससे की आगामी वर्षों में भारत को दुनिया की बुलंदी पर ले जाया जा सके।



### किसानों को मिल रहा संबल: रावत

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव के किसानों को संबल मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उदारता से किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब किसानों को 6 हजार की जगह 8 हजार रुपए मिलेंगे। मंत्री रावत ने कहा कि गांव को नहरों से जोड़ने के लिए जो योजना 20 सालों से अटकी हुई थी, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुशंसा पर 20 सप्ताह में लागू हो गई। इसके तहत अजमेर को भी नहर का पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

### BJP सरकार में हुआ ग्रामीण क्षेत्र का विकास

कार्यक्रम में विधायक रामस्वरूप लांबा ने कहा कि किसान और गरीब की चिंता केवल भाजपा सरकार को है। गांव का विकास भी भाजपा की सरकार में ही हुआ है। पूर्व में जो जिम्मेदारी पूर्व मंत्री सांवरलाल जाट को मिली थी, वही जिम्मेदारी अब अजमेर के सुरेश सिंह रावत को मिल गई है। वे निश्चित रूप से गांव के विकास में भागीदार बनकर किसानों की मदद के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीसीबी चेयरमैन मदन गोपाल चौधरी, जिला कलेक्टर भारती दीक्षित, एसपी चुनाराम जाट, उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सीएम भजनलाल शर्मा ने ली पाली संभाग की समीक्षा बैठक

# जनहित के कार्यों में लापरवाही भ्रष्टाचार और बर्दाश्त नहीं: CM

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

शर्मा शनिवार को सिरोही जिले में आबू रोड स्थित सेटेलाइट जनजातीय केन्द्र में पाली संभाग के उच्चाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों की पालना करें ताकि आमजन का सरकार के प्रति विश्वास बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करेगी तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई करने, परिवादों के त्वरित निस्तारण, उनकी मॉनिटरिंग करने तथा फीडबैक लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति, चिकित्सा सुविधाएं, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा, कानून-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनसेवा को अपना ध्येय मानते हुए प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन प्रयासों को धरातल पर उतारने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने आप को सौभाग्यशाली समझें कि उन्हें जनसेवा करने का अवसर मिला है। बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जिला प्रमुख अर्जुन राम, पाली संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, डीआईजी पाली रेंज ओमप्रकाश, सिरोही, पाली, सांचौर एवं जालोर जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

■ बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों गति देने के दिए निर्देश



### जनसुनवाई का समय हो तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से कम से कम एक घंटा जनसुनवाई करें, ताकि परिवादियों को अपनी समस्याओं को लेकर राजधानी नहीं आना पड़े। अधिकारी अपने कार्यालय में जनसुनवाई का समय तय करें तथा इसे स्पष्ट रूप से कार्यालय की दीवार पर दर्शाएं। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का पूर्ण संतुष्टि के साथ त्वरित निस्तारण करें तथा जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक जनसुनवाई की रिपोर्ट नियमित रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

### कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें

शर्मा ने कहा कि उच्चाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में नियमित रूप से दौरे कर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधित मामलों को भी जल्द सुलझा कर आमजन को राहत प्रदान करें। साथ ही, ऐसे लंबित मामलों की सूची बनाकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही, सभी जिलों में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की तैयारियां सुचारू रखने के संबंध में भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति मजदूर संघ का वैचारिक आधार है तथा यह वर्ग मानवता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि होना चाहिए तथा इसी अवधारणा से विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को आबू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम शांतिवन में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 25वें प्रदेश अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस समय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सिर्फ घोषणाएं ही नहीं करेगी बल्कि संकल्प पत्र में किए गए हर एक वादे को धरातल पर उतारेगी।

### केंद्रीय मंत्री पत्रकारों से हुए रू-ब-रू

# व्यक्तित्व और गुणों का सम्मान करने वाली पार्टी है BJP



**हिलव्यू समाचार**
**जोधपुर।** भारत रत्न सम्मान से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति और उसके गुणों का सम्मान करने वाली पार्टी है। रविवार को जोधपुर दौरे पर पहुंचे शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारत रत्न से जुड़े सवाल पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को कृषि की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और देश की नई कृषि नीति के निर्माता डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न पुरस्कार देकर प्रधानमंत्री ने भाजपा का अन्नदाता के प्रति जो स्नेह और सम्मान है, उसे प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पी.वी. नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने अपनी वैचारिक सहृदयता का परिचय दिया है।

पार्टी के गांव चलो अभियान के विषय में उन्होंने कहा कि भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लोगों के साथ संपर्क करने और जो लोग शेष रह गए हैं, उनकी पहचान करने के लिए यह अभियान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि गांव चलो अभियान में पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे और वहां रहकर लोगों से चर्चा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे लोहावट विधानसभा क्षेत्र के रिडमलसर गांव में रात्रि प्रवास करेंगे।

### पीएम मोदी के आर्थिक प्रबंधन और आर्थिक दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ रहा है देश

# कांग्रेस राज में युवा और किसानों में व्याप्त थी गहरी निराशाः चतुर्वेदी

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर कुप्रबंधन और घोटालों का आरोप लगाया है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं यूपीए कार्यकाल में आर्थिक कुप्रबंधन और घोटालों के कारण अर्थव्यवस्था रसातल की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी किया है। श्वेत पत्र में वर्ष 2004 से 2014 और 2014 से लेकर 2024 के कालखंड की आर्थिक तुलना की गई है। वर्ष 2014 में केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद देश में संसाधनों का उपयोग राष्ट्रहित में होने लगा। वहीं विकसित भारत 2047 का संकल्प लेकर उस दिशा में अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं।



### पेट्रोल की कीमतों में दुगनी वृद्धि मिली

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण देश को पेट्रोल की कीमतों में दुगुनी वृद्धि मिली। उन्होने कहा कि 2004 में जो पेट्रोल 36 रूपये 81 पैसे में मिलता था वह 2014 में 72 रूपये 26 पैसे में मिलने लगा। कांग्रेस के यूपीए कार्यकाल में जो तेल के दामों में वृद्धि 96 प्रतिशत से ज्यादा थी वह पीएम मोदी के नेतृत्व में 30 प्रतिशत से भी कम रही है।

### विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि देश ने वह समय भी देखा है जब कांग्रेस की सरकार थी और उसी पार्टी के एक नेता अपने बिलों को संसद में सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया करते थे। वहीं आज अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम की भावना से देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में काम हो रहे हैं। यूपीए सरकार के समय देश में बैंको का ऋण घाटा बढ़ता गया लेकिन 2014 में जब से भाजपा सरकार केंद्र में आई स्टार्टअप, मुद्रा योजना जैसे कदम उठाए गए। उन्होने कहा कि जीएसटी संग्रहण 9 हजार करोड़ से बढ़कर 1.7 लाख करोड़ हो गया। जहां देश में 2014 से पहले युवाओं और किसानों में निराशा का भाव था मोदी सरकार आने के बाद देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। आईएमएफ ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### आधारभूत ढांचे में हुआ बदलाव

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में संस्थागत भ्रष्टाचार बढ़ा जिसमें कोयला घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला जैसे बड़े घोटाले हुए और अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। 2014 के बाद आधारभूत ढांचे में बदलाव हुआ और जहां प्रतिदिन 12 किलोमीटर प्रतिदिन सड़कें बन रही थी बढ़कर 27 किलोमीटर प्रतिदिन सड़कों का जाल बिछाया जाने लगा। पीएम आवास की बात करें तो यूपीए के दस साल के कार्यकाल में 2.1 करोड़ आवास बने वहीं एनडीए के आठ साल में 2.6 करोड़ आवास बने।

ऐसा शायद ही कोई इंसान हो, जिसने अपने जीवन में प्रेम की अनुभूति कभी नहीं की। हर कोई इस अनकहे, अद्वितीय अहसास को अपने भीतर महसूस करना चाहता है। लेकिन सच्चा प्रेम वही कर सकता है, जो इसकी उदात्तता और गहनता को समझता है। इसीलिए तो प्रेम करने वाले का जीवन पूरी तरह बदल जाता है।

# अनकही-अद्वितीय प्रेम की अनुभूति





आवरण कथा / रजनी अरोड़ा

अनगिनत सदियों से इंसान के मन में एक शाश्वत भाव बना हुआ है-प्रेम। इंसान ही नहीं प्रकृति के कण-कण में प्रेम समाया हुआ है। प्रेम की ऊर्जा से ही प्रकृति निरंतर पल्लवित, पुष्पित और फलित होती है। सदियों से चली आ रही प्रेम कहानियां आज भी प्रचलित हैं। श्रीमद्भागवत गीता में श्रीकृष्ण ने प्रेम की विस्तार से व्याख्या की है। समय-समय पर कई संत, महात्मा, लेखक, कवि, मनोवैज्ञानिक अपने तरीके से इसकी व्याख्या करते रहे हैं। प्रेम की अनुभूति अपने आप में अनकही, अद्वितीय और बेजोड़ होती है। किसी से प्यार करना या प्यार होना दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है। जब किसी से प्यार होता है तो पूरी दुनिया ही खूबसूरत नजर आने लगती है।

सदियों पहले संत कबीर ने कहा था, 'प्रेम-प्रेम हर कोई कहे, प्रेम न जाने कोय।' यह बात आज भी पूरी तरह लागू होती है। वर्तमान इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में लोगों ने प्रेम शब्द का सरलीकरण कर दिया है। खासकर युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर कुछ प्यार भरे संदेश भेजने या पाने को ही प्यार समझ लेती है। शारीरिक आकर्षण को ही प्यार मान लिया जाता है। लेकिन वास्तव में प्रेम इससे कहीं ऊपर की और अलग तरह की अनुभूति है।

## आत्मा से जुड़ा होता है प्यार

प्रेम मनुष्य द्वारा अनुभव की जाने वाली सबसे गहरी भावनाओं में से एक है। यह आकर्षण और निकटता का मिश्रण है। प्यार किया नहीं जाता, प्यार हो जाता है। यह अनुभूति स्वतः ही आ जाती है। वास्तव में प्रेम का संबंध आत्मा से होता है। एक अद्भुत अहसास है, वो रंग है जो जीवन में रस भर देता है। प्रेम वो अहसास है, जो पल भर में होंठों पर मुस्कान ला देती है, एक ही क्षण में संसार में आपको सबसे अधिक संपन्न अनुभव कराती है।



## सर्वोपरि होती है साथी की खुशी

प्यार दिमाग से नहीं दिल से होता है। प्यार में अनेक भावनाएं होती हैं, जिनमें अलग-अलग विचारों का समावेश होता है। प्यार मन की वो अवस्था है, जब एक व्यक्ति का निजी सुख दूसरे की भलाई के आगे बहुत छोटा हो जाता है। सच्चे प्रेम में किसी से कुछ पाने की कोई कामना नहीं होती यानी प्रेम निःस्वार्थ होता है। दूसरे को वो सब कुछ देना चाहता है, जिससे वो बेहतर इंसान बने, उसे भरपूर खुशियां मिलें। सच्चा प्रेमी अपने साथी की भलाई यानी हित करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। दरअसल, प्रेम व्यक्ति को बहुत निर्भय बना देता है। अपने साथी को कुछ गलत काम करने से रोकना भी प्यार है, क्योंकि इसी में उसके साथी का हित छिपा होता है। सच्चा प्यार करने वाला अपने साथी की आंख में कभी आंसू नहीं आने देता, उसका दिल नहीं दुखाता। लेकिन अगर साथी अपनी राह से भटक जाए तो उसे सही राह पर लाने के लिए वह कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है।

प्रेम में साथी को स्वतंत्रता दी जाती है, उस पर अधिकार नहीं जमाया जाता। प्रेम में व्यक्ति दूसरे को वश में करने का प्रयास नहीं करता, बल्कि अच्छे दोस्त की तरह साथी की भावनाओं को समझने और उसकी इच्छाओं को महत्व देता है। प्रेम की बुनियाद समर्पण, विश्वास, निःस्वार्थता और वचनबद्धता पर आधारित होती है। मन या हृदय की पूर्णता की अवस्था ही सच्चा प्रेम है। तभी तो कहते हैं, जिसके पास ढाई अक्षर वाले प्रेम की निधि होती है, उसके पास संसार का सबसे बड़ा खजाना होता है।

## तभी मिलेगा सच्चा प्रेम

प्यार जब शर्तों पर आधारित होता है, तब वह प्यार नहीं रह जाता, लेन-देन का सौदा हो जाता है। इसलिए ऐसा प्यार अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाता। प्यार के नाम पर किसी को जबरदस्ती हासिल करना भी प्यार नहीं है। प्रेम का अर्थ किसी को पाना नहीं, बल्कि उसमें खो जाना है। प्रेम में त्याग करना पड़ता है। प्रेम वो नहीं है, जिसे छीन कर या मांग कर लिया जाए। बल्कि वो शख्स जहां है, जैसा है, हमेशा खुश रहे, यही कामना एक सच्चा प्रेमी करता है। अगर आप वाकई किसी से सच्चा प्यार करना चाहते हैं, तो पहले अपने जीवन में प्रेम को लाना होगा। यानी जब आप पूरी तरह से प्रेममय हो जाएंगे, तभी इस दुनिया में भी सच्चा प्रेम पा सकेंगे। *

### जब होता है किसी से प्यार

**प्यार एक** पवित्र अहसास है। जब यह होता है तो जीवन का नजरिया बदल जाता है। जब आप किसी से प्यार करते हो तो आपको यह महसूस नहीं होता कि वो कोई दूसरा व्यक्ति है। उसमें आप खुद की छवि देखने लगते हो। आप उसे अपने से भी ज्यादा चाहने लगते हो। उस शख्स की दिल से इज्जत करते हो। वो जैसा है, उसे उसी तरह कुबूल करते हो। आप उसे सपोर्ट करते हो, उसे जिंदगी में कामयाबी पाता देख बेइंतहा खुशी होती है। *

जुड़ाव / शिखर चंद जैन

# दोनों में आजीवन बना रहेगा प्यार का प्यारा अहसास

लविंग पार्टनर ही नहीं शादी के बाद लाइफ पार्टनर के साथ भी आपसी प्यार हमेशा बना रह सकता है। इसके लिए आपको अपने बिहेवियर और नेचर में कुछ क्वालिटीज को शामिल करना होगा। कौन सी हैं वो क्वालिटीज, आप भी जरूर जानना चाहेंगे।



अगर आपको किसी खास शख्स का प्यार हासिल करना है या अपने जीवनसाथी के साथ ताउम्र प्यार से गुजारना चाहते हैं तो इसे आप सम्मान, अनुशासन, शिष्टाचार और विनम्रता से आसानी से पा सकते हैं।

## ना बनाएं अपने जैसा

आपने कभी गौर किया हो तो पाया होगा कि आपकी ज्यादातर गतिविधियां या प्रयास दूसरों से प्यार, स्नेह और सम्मान हासिल करने के लिए ही होती हैं। हमें प्यार की जरूरत ठीक वैसे ही होती है, जैसे खेतों में लगी फसल को पानी की। प्यार के बिना इंसान की जिंदगी नीरस ही नहीं निरर्थक भी होती है। दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि प्यार इंसान की सबसे बड़ी जरूरत है। लेकिन हम पहली गलती यह करते हैं कि इसे हासिल करने के लिए रौब, हक और धौंस जैसी कठोर भावनाओं का प्रयोग करते हैं। दूसरी गलती यह करते हैं कि जिसे हम प्यार करते हैं, उसे अपना जैसा बनाना चाहते हैं। दुनिया भर के प्रेमियों या कपल्स के बीच मतभेद की सबसे बड़ी जड़ यही दोनों आदतें हैं। इसलिए प्यार को प्यार से हासिल करें, अपने प्रिय को अपनी तरह बनाने की कोशिश ना करें बल्कि आप उनकी तरह बनने की कोशिश करें। यही प्यार के प्रति समर्पण है और यही सच्चा प्यार है।



## ना करें समानता की उम्मीद

स्त्री और पुरुष की सोच, स्वभाव और आदतें कभी एक जैसी नहीं हो सकती हैं। वे नैसर्गिक रूप से एक-दूसरे से अलग होते हैं। शोध बताते हैं कि संवाद के दौरान जहां पुरुष मस्तिष्क के दोनों भागों में दो केंद्रों का इस्तेमाल करते हैं, वहीं महिलाएं सात केंद्रों का इस्तेमाल करती हैं। पुरुष बहुत ज्यादा नहीं सोचते जबकि महिलाएं बहुत से निहितार्थों के साथ बोलती हैं। इसलिए समानता संभव नहीं। सच तो यह है कि प्रेम और सहवास की दुनिया में स्त्री और पुरुष दो अर्धवृत्त हैं, जो मिलकर एक पूर्ण वृत्त बनते हैं। दोनों के अपने गुण होते हैं। दोनों मिलकर लयबद्ध तरीके से जीवन जिएं तो वाकई एक अच्छी प्रेमधुन बन सकती है। इसके लिए एक-दूसरे के मन, जरूरतों और भावनात्मक उद्वेगों को समझना नितांत आवश्यक है। एक-दूसरे के लायक बनना ही सहचर होने का सबसे बड़ा गुण है।

## सबसे जरूरी आदर-सम्मान देना

कपल द्वारा एक-दूसरे को आदर और सम्मान देना प्यार की पहली शर्त है। परस्पर विश्वास, संबंधों में प्रेम की प्रगाढ़ता की धुरी है। आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि विवाह संबंधों में प्रेम की बेल तभी सूखनी शुरू हो जाती है, जब उसे विश्वास और सम्मान की खाद नहीं मिलती। आरोप-प्रत्यारोप की तेजाबी बारिश प्रेम की बेल को देखते ही देखते नष्ट कर देती है। यकीन मानिए, विश्वास एक स्वभावगत समस्या है। जिस व्यक्ति की अविश्वास करने की आदत पड़ जाती है, वह किसी भी व्यक्ति के साथ दीर्घ अवधि तक संबंधों का निर्वाह नहीं कर सकता। इसलिए प्यार पाने के लिए एक-दूसरे के प्रति विश्वास करें, यही सबसे बड़ा आदर और सम्मान है।

## बनाए रखें संवाद का पुल

समय-समय पर प्यार जताने के लिए कपल्स को एक-दूसरे से कुछ बातें खुलकर पूछ लेनी चाहिए ताकि दोनों के मन ही मन में कोई द्वंद्व या शिकायत चल रही हो तो वह जेहन में दर्ज होकर नाराजगी का रूप ना ले। कभी डिनर पर या डिनर के बाद साथी से पूछें, 'मैं कुछ ऐसा तो नहीं कर रहा/रही जो तुम्हें परेशान करता हो? कुछ ऐसा कर रहा/रही हूं तो बताना, जो तुम्हें अच्छा लगता हो और मुझे ज्यादा करना चाहिए? इस तरह की बातें पूछ कर मन की थाह ली जा सकती है। इसी तरह कपल को एक-दूसरे के प्रति कोई शिकवा-गिला हो तो सही शब्दों में उसे बता देना चाहिए ना कि मन ही मन उसे लेकर कुढ़ते रहें।

## साथी के बनें सच्चे दोस्त

कपल्स को एक-दूसरे के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए, जैसा दो दोस्त आपस में करते हैं। बहुत ज्यादा औपचारिकताएं और बनावटीपन रिश्तों को कभी प्रगाढ़ नहीं बना सकते। एक दूसरे के लिए अपनी कुछ आदतों को छोड़ा जा सकता है, वहीं कुछ आदतों के साथ एक-दूसरे के साथ सामंजस्य या समझौता भी कर सकते हैं। आपस में एक-दूसरे से सहमति होना आवश्यक है, वरना रिश्ता दरकने लगता है। *

अभिव्यक्ति / किरण भास्कर

# खूबसूरत-अनोखा हो प्यार का इजहार





अगर आप वाकई किसी से प्यार करते हैं और इसका इजहार करते हुए अब तक झिझकते हैं, तो इस वैलेंटाइन डे पर अपने दिल की बात अपने साथी से कह सकते हैं। लेकिन कुछ ऐसे कि आपका ये इजहार-ए-इश्क ताउम्र के लिए यादगार बन जाए।

**मन के डर को करिए दूरः** लड़कों को यह बात समझनी होगी कि अधिकतर लड़कियां, हमेशा ऐसे पार्टनर की चाह रखती हैं, जो बोल्ड हो। इसलिए अगर आप किसी को दिलो जान से चाहते हैं तो उसे सबके सामने प्रपोज कर सकते हैं। अगर मौका तलाशने की बात है तो आप इसके लिए एक पार्टी का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें अपनी बाहें फैलाकर या घुटनों के बल बैठकर उसे गुलाब का फूल देते हुए सबके बीच कहिए, 'मैं तुम्हारा दीवाना हूं... तुम्हारे साथ बाकी की जिंदगी जीना चाहता हूं... और तुम्हारे साथ जिंदगी की अंतिम सांसें लेना चाहता हूं।' आप सबके सामने कहने में हिचकते हों तो वीडियो कॉल पर भी कह सकते हैं।

**साथी के प्रति रहें ईमानदारः** अगर वैलेंटाइन-डे पर किसी को प्रपोज करना है तो ध्यान रखिए आपके शब्दों में दम होना चाहिए। आपकी आंखों में साफगोई और ईमानदारी होनी चाहिए। जमाना चाहे जितना बदल गया हो, लेकिन एक प्रेमिका आज भी अपने प्रेमी की आंखों में इन्हीं चीजों की तलाश करती है। यकीन मानिए, अगर उसे आपकी आंखों में जरा भी कोई बनावटी रंग दिखा तो आपका वैलेंटाइन-डे सारा रोमांच खो देगा। मतलब यह कि अपने प्यार के प्रति दिल से ईमानदार रहें।

**लिख दें अपने दिल का हालः** आमतौर पर सबके सामने प्रपोज करने के काफी खतरे होते हैं। लड़की मना भी कर सकती है। इससे आप खुद को अपमानित भी महसूस कर सकते हैं। अगर आपमें यह खतरा मोल लेने की हिम्मत ना हो, ठुकराए जाने की स्थिति का सामना करने की आपमें ताकत ना हो, तो फिर उन पुरानी तरकीबों को आजमाया जा सकता है, जो आज भी वजूद में हैं। अपनी प्रेमिका को डिनर या लंच पर ले जाएं। नहीं, आपको लंच या डिनर के दौरान अपनी जेब से रिंग निकालकर उसे पहनानी नहीं है। आपको करना बस यह है कि जब आपकी पार्टनर कुछ खा या पी रही हो तो उसे पहले से लिखा लव नोट थमा दें, जिसमें आपके दिल की पूरी कहानी मौजूद हो। वैसे यह तरीका पुराना है, लेकिन अब भी कामयाब है।

**बना सकते हैं वीडियो मैसेजः** लड़कियां हमेशा अपने पार्टनर से कुछ नएपन की उम्मीद रखती हैं। अगर आपको लगता है कि पिज्जा या सैंडविच बॉक्स में कोई लव नोट रखना पुराना आइडिया है तो फिर आप एक वीडियो तैयार कीजिए। वीडियो में सिवाय आपके और कोई ना हो। हां, अगर चाहते हैं तो अपने उन कुछ खास लम्हों को भले कैद कर लें, जो आपके दिल के बहुत करीब हों। इसमें कुछ क्लिप्स ऐसी भी हों, जिसमें आप और वह जिसे आप प्रपोज करना चाहते हैं, मौजूद हों। ध्यान रहे, ऐसे वीडियो तभी दिल को छूते हैं जब भावनाओं से ओत-प्रोत हों। जब आपका वीडियो क्लाइमेक्स में हो तो वो वाक्य कहिए, जिसके लिए यह वीडियो बनाया जा रहा है। जी हां, और यह सेंटेंस है, 'आई लव यू'। इस दौरान इस बात का ख्याल रखिए कि आपके पार्टनर को पता ना चले कि आप अपना वीडियो बना रहे हैं। उसे इस वीडियो का तोहफा दीजिए, वह जब देखेगी तो निहाल हो जाएगी। हो सकता है वह फिर भी राजी ना हो, लेकिन इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा। इस वीडियो को बनाने के बाद उसे यही तोहफे में दें। वह जब भी इस वीडियो को देखेगी, वह समझ जाएगी कि आपके दिल में उसके लिए कितना प्यार छिपा है।

प्रपोज आप चाहे यहां बताए गए किसी भी तरीके से करें लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि तरीका सलीके वाला हो, पैनिक क्रिएट करने वाला ना हो। इससे आपका साथी अनकंफर्टेबल ना फील करे। अगर आपका प्रपोजल कोई अस्वीकार कर दे तो प्यार की गरिमा इसी में है कि आप भी उनके निर्णय का सम्मान करें। कभी जोर-जबरदस्ती या दबाव, डराकर किसी का भी प्यार हासिल नहीं किया जा सकता है। कहने का कुल सार यही है कि प्यार तभी सफल हो सकता है, जब दोनों की खुशी उसमें शामिल हो। *

बेमिसाल / लोकमित्र गौतम

# शब्द-चित्र की प्रेमकथा





यह सच है कि दुनिया में लाखों, करोड़ों प्रेम कहानियां हैं। लेकिन प्रसिद्ध पंजाबी लेखिका अमृता प्रीतम और प्रसिद्ध चित्रकार इमरोज के जैसी आलौकिक प्रेम कहानी शायद ही कोई दूसरी हो। अमृता टूटकर साहिर से प्यार करती थीं। इमरोज टूटकर अमृता से प्यार करते थे। अमृता, इमरोज को अपने प्रेम का सबसे चमकदार सितारा मानती थीं, जिसकी मुहब्बत की रोशनी से वह हमेशा जगमगाती रहती थीं, पर उनके मन में थोड़ा सा अफसोस भी रहता था कि इमरोज उन्हें जितना प्यार करते हैं, अमृता उससे भी ज्यादा चाहकर इमरोज को अपना पूरा का पूरा प्यार नहीं दे पाती थीं। क्योंकि उनकी चाहत के अवचेतन में साहिर बसे थे। ना तो अमृता ने कभी छिपाया कि वह दिन-रात साहिर के प्रेम में डूबी रहती थीं और ना ही इमरोज ने कभी छिपाया कि वह अमृता से टूटकर एक ऐसा आलौकिक प्रेम करते थे, जिसमें सिर्फ प्रेम ही प्रेम और सिर्फ देना ही देना था, पाने की कोई ख्वाहिश ही नहीं थी।

करीब 58 साल पहले अमृता की एक किताब के आवरण को डिजाइन करने के सिलसिले में इमरोज से हुई मुलाकात से जो प्यार का रिश्ता शुरू हुआ, उसे दोनों ने ताजिंदगी निभाया। करीब 40 साल तक दोनों एक ही घर में, एक ही छत के नीचे दो अलग-अलग कमरों में रहे। शायद अपने देश में लिव इन का इतना आलौकिक, प्रेम से इतना लबालब, कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। तर्क और भावुकता के शायद ही किसी खांचे में उन दोनों की प्रेम कहानी कहीं फिट हो। सच बात यही है कि अमृता और इमरोज की प्रेम कहानी दुनिया में मौजूद लाखों, करोड़ों कालजयी प्रेम कहानियों से भी बिल्कुल अलग थी। कोई अंजान उन दोनों को देखकर हमेशा यही कहता कि शायद इमरोज अमृता के नौकर होंगे।

इमरोज, अमृता के प्यार में गले तक नहीं बल्कि नख से शिख तक इस कदर डूबे थे कि उन्होंने अपनी समूची पहचान को इस प्यार पर तिरोहित कर दिया था। अमृता रात में लेखन किया करती थीं, इमरोज चुपचाप बिस्तर से उठते, किचन में जाकर चाय या कॉफी बनाते और फिर अमृता की लिखने वाली टेबल पर रख आते। बिना एक शब्द बोले, बिना कुछ कहे वह पूरी रात दो-दो घंटे बाद यह दोहराते रहते, जब तक कि अमृता लिखकर अपने बिस्तर पर सोने नहीं चली जातीं।

अमृता इस बात को भली-भांति जानती थीं कि इमरोज उनके प्यार में डूबे होने की वजह से कभी अपने स्वाभिमान की परवाह तक नहीं करते। इस बात से अमृता भी भावनात्मक अपराबोध में रहती थीं। इसी अपराबोध में वह अकसर लरजते हुए शब्दों में कहा करतीं, 'इमरोज तुम मुझे जिंदगी की शाम में क्यों मिले, दोपहर में क्यों नहीं मिले?' दरअसल अमृता प्रीतम की जिंदगी में तीन पुरुष आए थे। पहले प्रीतम सिंह जिन्हें अमृता ने हमेशा अपने नाम का हिस्सा बनाकर रखा। दूसरे साहिर जिसके हवाले उन्होंने हमेशा-हमेशा के लिए अपना दिल कर दिया था और तीसरे इमरोज जिनकी आत्मा के साथ उनकी आत्मा का जन्म जन्मांतर का रिश्ता बंध गया था।

अमृता और इमरोज की यह प्रेम कहानी 22 दिसंबर 2023 को भले मुंबई के कांदिवली श्मशान घाट पर इमरोज की चिता के जलने के साथ ही भौतिक रूप से खत्म हो गई हो, लेकिन शब्द और चित्र की यह अमर प्रेमकथा ब्रह्मांड में प्रेम के अनहद नाद की तरह हमेशा गूंजती रहेगी। *

लघुकथा / आशा शर्मा

# प्रेम का नेक्स्ट लेवल



उस बुजुर्ग दंपति को मेघा ने अकसर लड़ते-झगड़ते हुए ही देखा-सुना है। पुरुष की उम्र लगभग अस्सी वर्ष और महिला की पचहत्तर वर्ष के आस-पास होगी। उनके झगड़ने की कोई बड़ी वजह नहीं होती, लेकिन उनका अधिकतर समय एक-दूसरे की गलतियां गिनाने में ही बीत जाता है। यह वृद्ध दंपति अकेले रहते हैं। मेघा ने इनके घर के ऊपर बना फ्लैट किराए पर ले रखा है। उनके झगड़े और आपसी बहस को देखकर वह सोचती, 'हे भगवान! कैसे बिताई होगी इन दोनों ने पूरी जिंदगी एक साथ? मैं तो ऐसे हालात में एक दिन भी ना निभा पाऊं।' फिर मन ही मन अपने दांपत्य पर गर्व करती। दरअसल, पति के साथ मेघा की आपसी समझ बहुत अच्छी है। वे दोनों एक-दूसरे की जिंदगी में अधिक दखलंदाजी नहीं करते हैं। दूसरी तरफ ये वृद्ध दंपति का तो एक-दूसरे की आदतों में मीनमेख निकाले बिना दिन ही पूरा नहीं होता है। कई बार तो दोनों के बीच इतनी बहस हो जाती कि मेघा को इन दोनों के बीच उपजे अबोलेपन को दूर करने के लिए मध्यस्थता करनी पड़ती।

एक दिन अचानक अंकल की तबियत बिगड़ गई। पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। आंटी ने बहुत जिद की उनके साथ अस्पताल जाने की लेकिन मेघा और कोई भी पड़ोसी इसके लिए तैयार नहीं हुआ। मेघा समझती थी कि जिसे स्वयं देखभाल की जरूरत हो, वह भला दूसरे बीमार की क्या देखभाल कर पाएंगी? इसलिए मेघा ने आंटी को घर में ही रुकने को कहा। अंकल के अस्पताल जाने की वजह से घर में सन्नाटा पसरा था। ना कोई ताने की आवाज, ना कोई छींटा-कसी का शोर। आंटी बेचैन सी घर में घूम रही थीं। मेघा ने उनकी मनःस्थिति समझते हुए रात में उनके साथ ही रहने का निश्चय किया। पूरी रात गुजर गई लेकिन आंटी की पलक तक नहीं झपकी थी। सुबह के पांच बजे जब मेघा की आंखें खुली तो आंटी ने कुछ सहमते हुए उससे पूछा, 'वो ठीक तो होंगे ना?' 'बिल्कुल ठीक होंगे आंटी, आप नाहक ही परेशान हो रही हैं। चलिए, आपको वीडियो कॉल पर अंकल से बात करवा देती हूं।' कहते हुए मेघा ने अंकल के साथ में गए पड़ोसी के फोन पर वीडियो कॉल किया। फोन पर अंकल का चेहरा देखते ही आंटी कुछ बोल ना पाईं पर उनकी आंखें झरने लगीं। अंकल ने हाथ हिलाकर अपने स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी दी। 'आ जाओ, चाय का टाइम हो गया, अकेले चाय पीना अच्छा नहीं लग रहा।' आंटी ने किसी तरह से खुद को संयत करते हुए कहा। अंकल ने जबरन मुस्कुराने की कोशिश करते हुए हामी में अपनी गर्दन हिलाई। तभी आंटी की निगाह अंकल के हाथ पर लगे कैनुला पर गई, जिसके माध्यम से उन्हें ड्रिप चढ़ाई जा रही थी। 'ये हाथ टेढ़ा क्यों कर रखा है, दर्द सहने में मजा आ रहा है क्या?' आंटी ने नाराज होते हुए पुछा। 'हां, आ रहा है... तुमको क्या करना है! यहां भी चैन से नहीं रहने दोगी क्या?' कहते हुए अंकल ने वीडियो स्क्रीन से अपना चेहरा एक तरफ घुमा लिया। आंटी, मेघा की तरफ आंखों के इशारे से अपनी शिकायत दर्ज करवाने लगीं। मेघा उन दोनों के बीच प्रेम के इस नेक्स्ट लेवल को देखकर हैरान थी। *

*अबु धाबी के हिंदू मंदिर के लिए भारतीय राज्यों ने दिया है योगदान*

*प्रधानमंत्री मोदी आज यानी 14 फरवरी को करेंगे इसका उद्घाटन*



# गंगा का पवित्र जल और राजस्थान का बलुआ पत्थर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी की 14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबु धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इस मंदिर के निर्माण के लिए भारत के कई क्षेत्रों से योगदान दिया गया है। यूएई के पहले हिंदू मंदिर के लिए भारत से गंगा और यमुना का पवित्र जल, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर और लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग किया गया है। मंदिर के दोनों किनारों पर गंगा और यमुना के पवित्र जल का छिड़काव किया जाएगा। भारत से एक बड़े कंटेनर में इस पवित्र जल को लाया गया है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, मंदिर के किनारे पर एक घाट बनाया गया है, जहां गंगा का पानी बहेगा। मंदिर के प्रमुख वॉलंटियर विशाल पटेल ने कहा, 'इसे वाराणसी के घाट जैसा बनाने का विचार था, जहां पर्यटक बैठकर ध्यान कर सकते हैं। जब पर्यटक इसके अंदर जाएंगे, तो उन्हें पानी की दो धाराएं दिखेंगी। ये धाराएं भारत की गंगा और यमुना को प्रदर्शित करेंगी।' इस मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा किया गया है। यह मंदिर कुल 27 एकड़ में जमीन पर बना है। मंदिर के सामने वाले हिस्से पर बलुआ पत्थर की पृष्ठभूमि पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है।

### मंदिर का निर्माण 2019 में शुरू

मंदिर का निर्माण 2019 में शुरू हुआ था और मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दी थी। इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा किया गया है। संस्थान की वेबसाइट के अनुसार, बीएपीएस के दुनियाभर में 3,850 से अधिक केंद्र संचालित है। इनमें न्यू जर्सी और लॉस एंजिल्स जैसे स्थान और 1,100 मंदिर से अधिक मंदिर शामिल है।

### मंदिर की विशेषताएं

- 55,000 वर्ग मीटर भूमि पर फैला है यह मंदिर
- 700 करोड़ रुपये की लागत आई है मंदिर निर्माण में
- 40,000 घन फुट संगमरमर का उपयोग किया गया है मंदिर के आंतरिक भाग के निर्माण में
- 5,000 लोगों की क्षमता वाले दो सामुदायिक हॉल सहित कई सुविधाएं हैं यहां
- 25,000 से अधिक पत्थर की नक्काशी तैयार की है राजस्थान-गुजरात के कारीगरों ने
- मंदिर का डिज़ाइन वैदिक वास्तुकला और मूर्तियों से प्रेरित
- यूएई के 7 अमीरात का प्रतिनिधित्व करने वाले 7 शिखर और 402 खंबे निर्मित
- मन्दिर में पवित्र ग्रंथों की कहानियां बताने वाली जटिल नक्काशी

## खबर संक्षेप

### लोकसभा में बिहार की सभी सीटें जीतेंगे : नीतीश



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्त में हमलोग बिहार की सभी 40 सीटों पर चुनाव जीतेंगे। वहीं बिहार विधानसभा 2025 में भी और अधिक सीटें हमलोगों को आएंगी। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि बिहार में युवाओं की नौकरी और रोजगार पर फोकस है। 5 लाख 33 हजार युवाओं को नौकरी दी गई। इसके अलावा रोजगार भी दिया गया वहीं 5 लाख और रोजगार दिए जाएंगे। वहीं इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग शुरू से कम ही कर रहे हैं।

### मणिपुर : '1961 के बाद बसने वाले होंगे बाहर



**इंफाल।** मणिपुर में करीब 9 महीने से जारी हिंसा की वजह से लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने सोमवार को कहा कि, 1961 के बाद राज्य में आने और बसने वाले लोगों की पहचान की जाएगी और उन्हें यहां से डिपोर्ट यानी निर्वासित किया जाएगा, चाहे वे किसी भी जाति या समुदाय के हों. सीएम के इस फैसले को मणिपुर के जातीय समुदायों की रक्षा के कदम के रूप में देखा जा रहा है। एन. बीरेन सिंह ने राज्य में महीनों तक चली हिंसा के लिए ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों, विशेष रूप से म्यांमार के शरणार्थियों को जिम्मेदार ठहराया था।

### लालू के साले ने किया पटना कोर्ट में सरेंडर



**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साले पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष यादव ने पटना की एमएपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर कर दिया। पुलिस टीम इससे पहले सुभाष यादव के घर पर बुलडोजर लेकर पहुंच गई। कुर्की-जब्ती के डर से उसने सरेंडर कर दिया। सुभाष पर जमीन कब्जे, धोखाधड़ी, रंगदारी समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अदालत ने सुभाष को भगोड़ा घोषित किया हुआ था। साथ ही संपत्ति को कुर्क करने का आदेश भी जारी किया गया था। सुभाष यादव पूर्व सीएम राबड़ी देवी के छोटे भाई हैं।

### एलर्ट : सीबीएसई के नाम पर दर्जनों फर्जी अकाउंट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व ट्विटर) पर अपने ढेरों फेक अकाउंट्स को लेकर सचेत हो गया है। सीबीएसई द्वारा ऐसे ट्विटर अकाउंट्स की एक सूची जारी की गई है, जिसमें वे सीबीएसई बोर्ड का लोगो लगाकर पोस्ट और अपडेट डाला करते हैं। सीबीएसई ने लोगों को बोर्ड के फर्जी एक्स हैंडल" (ट्विटर) से सावधान रहने को कहा है। सीबीएसई का कहना है कि कई हैंडल बोर्ड के नाम और लोगो का इस्तेमाल कर यूजर्स को भ्रमित कर रहे हैं।


## दिल्ली में फिर किसान आंदोलन दे चुका है दस्तक

# टिकैत नहीं इस बार दो नए चेहरे कर रहे किसान आंदोलन को लीड

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

किसान आंदोलन का जिक्र जब भी होता है तो दिमाग में सबसे पहला नाम राकेश टिकैत का आता है। राकेश टिकैत ने ही 2020 में हुए किसान आंदोलन को लीड किया था। कृषि कानूनो को विरोध में शुरू हुए इस आंदोलन का नेतृत्व करने वाले राकेश टिकैत इस बार शुरू हुए किसानों के आंदोलन का नेतृत्व नहीं कर रहे हैं। इस बार दो नए चेहरे इस आंदोलन को लीड कर रहे हैं। इसमें एक नाम पंजाब किसान नेता सरवन सिंह पंढेर का है, जिनके नेतृत्व में पंजाब से हजारों किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं। वहीं दूसरा नाम जगजीत सिंह डल्लेवाल का है जो इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं।

### सरवन सिंह पंढेर



सरवन सिंह पंढेर पंजाब के अमृतसर जिले के गांव पंधेर के रहने वाले हैं। वह दसवीं तक पढ़े हैं। उनकी उम्र 45 साल है। वो हमेशा से किसान हितों के लिए बढ़चढ कर बोलते हैं। वो अकाली दल के नेता विक्रम मजीठिया के करीबी माने जाते हैं। पंधेर छात्र जीवन से ही आंदोलनों में शामिल रहे हैं। पंढेर के पास करीब सवा दो एकड़ जमीन है। इस समय पंढेर माझा के किसान संगठन किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव हैं। साल 2020 में हुए किसान आंदोलन के दौरान पंढेर पर दिल्ली में हिंसा भड़काने का आरोप भी लगा था। वो सरकार से बातचीत में शामिल किसानों की कमेटी भी भी शामिल रहे हैं। वो पहले भाकियू उगराहां के साथ थे। लेकिन वो अब पुरानी किसान मजदूर संघर्ष कमेटी का बड़ा चेहरा है। 2007 में किसान मजदूर संघर्ष कमेटी का गठन हुआ था। किसान संघर्ष कमेटी से अलग होकर सतनाम सिंह पन्नू ने इसका गठन किया था। ये संगठन भी किसानों के हकों की बात करता है।

### जगजीत सिंह डल्लेवाल



जगजीत सिंह डल्लेवाल पहले संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा रहे हैं। बाद में उन्होंने बलबीर सिंह राजेवाल के साथ मिलकर चार अलग संगठन बना लिए। जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में कृषि संगठन बीकेयू (एकता सिद्धूपुर) ने छोटे समूहों को साथ लिया और एक समानांतर संगठन एसकेएम (गैर-राजनीतिक) का गठन किया। इसमें हरियाणा, राजस्थान, एमपी के किसान समूह भी शामिल हैं। इसने किसान मजदूर मोर्चा के साथ हाथ मिलाया और 'दिल्ली चलो' के आह्वान के साथ अमृतसर और बरनाला में रैलियां कीं।

## अगर किसानों के साथ अन्याय हुआ तो दिल्ली हमसे ज्यादा दूर नहीं'

### किसानों के धरना-प्रदर्शन के बीच टिकैत का पहला बयान



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में किसानों का प्रदर्शन जारी है। किसान बड़ी तादाद में दिल्ली की सीमा पर डटे हुए हैं। इस बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का बड़ा बयान सामने आया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, "देश में बड़ी पूंजीवाद कंपनिया हैं। उन्होंने एक राजनीतिक पार्टी बना ली है और इस देश पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में दिक्कते आएंगी ही, अगर उनके (किसान) साथ कोई अन्याय हुआ। सरकार ने उनके लिए कोई दिक्कत पैदा की तो ना वो किसान हमसे ज्यादा दूर हैं और ना दिल्ली हमसे ज्यादा दूर है' टिकैत ने कहा कि जब दिल्ली में 13 महीने किसान आंदोलन चला। उस दौरान हमारी सरकार के साथ 12 दौर की बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2021 के बाद भारत सरकार से हमारी कोई बात नहीं हुई। अब तीन साल बाद यह बातचीत शुरू हुई है। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च पर किसान नेता नरेश टिकैत कहा कि पूरे देश में विरोध प्रदर्शन चल रहा है। सरकार को हमारे साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए और किसानों को सम्मान देना चाहिए। सरकार को इस मुद्दे पर सोचना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए। साथ ही इसका समाधान निकालना चाहिए।


### सरकार किसानों के साथ करती है अन्याय



कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि जो सरकार एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देती है, वही सरकार किसानों के साथ अन्याय करती है। किसान संगठनों की 3-4 मुख्य मांगें हैं। उनकी सबसे बड़ी मांग है- स्वामीनाथन फार्मूला लागू किया जाए और दूसरी प्रमुख मांग है- एमएसपी कानून। उन्होंने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि एमएसपी 'न्यूनतम समर्थन मूल्य'है न कि 'मोदी विक्रय मूल्य'।

## 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' की घोषणा

# 1 करोड़ लोगों को हर महीने मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लोगों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए मंगलवार को 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' की घोषणा की। उन्होंने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली इस परियोजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के बैंक खातों में सीधे दी जाने वाली पर्याप्त सब्सिडी से लेकर भारी रियायती बैंक ऋण तक, केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों पर लागत का कोई बोझ न पड़े। उन्होंने कहा, ''सभी हितधारकों को एक राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल के साथ समेकित किया जाएगा जो और भी सहूलियतों को बढ़ाएगा।'

### साइट पर आवेदन करने कहा

मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में रूफटॉप सौर प्रणालियों (छतों पर सौर ऊर्जा) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''साथ ही, इस योजना से लोगों के लिए अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा।' प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा और सतत प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सभी आवासीय उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे 'पीएमसूर्यघर डॉट जीओवी डॉट इन' पर आवेदन करके पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मजबूत करें।

## वाराणसी के जज पर 'अभद्र' पोस्ट

# कर्नाटक में तनाव फैला, 40 वकीलों पर एफआईआर दर्ज, विरोध-प्रदर्शन किया



एजेंसी ▶▶| रामनगर

ज्ञानवापी केस को लेकर फैसला सुनाने वाले जज पर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता चांद पाशा के एक अपमानजनक पोस्ट ने मंगलवार को कर्नाटक में सांप्रदायिकता का रंग ले लिया।

इस घटना के बाद पुलिस ने 40 अधिवक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद रामनगर जिले में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। अब अधिवक्ता सब-इंसपेक्टर के निलंबन की मांग कर रहे हैं। पुलिस विभाग को चेतावनी जारी की गई है कि सस्पेंशन जारी नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। जिला कोर्ट में अधिवक्ताओं ने कार्यवाही का बहिष्कार किया।

### आरोप झूठे होने का जवाब दें

रामनगर के व्यापारी रफीक खान की शिकायत पर पुलिस ने अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शिकायत में एडवोकेट एसोसिएशन से मांग की गई है कि वे एक ज्ञापन यह कहते हुए जमा कराए कि चांद पाशा पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। रफीक ने कहा कि आरोपियों ने हमें रोका, हमें बंद कर दिया और हमारे साथ मारपीट की। आरोपियों ने दावा किया कि वह जगह मस्जिद नहीं है। उन्होंने हमारे धर्म का नाम लेकर हमारे साथ दुर्व्यवहार किया।

# तेजस्वी को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी याचिका


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लालू यादव के बेटे और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गुजरातियों को ठग बताने वाले बयान को लेकर दायर मानहानि की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी यादव को राहत दी और कहा है कि उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया है। पीठ ने कहा, 'हमने शिकायत खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत ने 29 जनवरी को तेजस्वी यादव को अपनी कथित टिप्पणी 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' को वापस लेने का आदेश देते हुए अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके बाद तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर अपनी "गुजराती ठग" वाली टिप्पणी वापस ले ली थी। शीर्ष अदालत ने आरजेडी नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले आपराधिक मानहानि शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और गुजरात निवासी हरेश मेहता को नोटिस जारी किया था।

## दो मजदूरों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

# श्रमिकों में डर पैदा कर उन्हें कश्मीर से भगाने के लिए रची थी साजिश




एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

पुलिस ने बीते सप्ताह श्रीनगर में पंजाब के दो श्रमिकों की टार्गेट किलिंग में शामिल मुख्य आतंकी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आतंकी श्रीनगर का ही रहने वाला है और उसके पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद किया गया है। यह वारदात पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड कहे जाने वाले द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के हैंडलर के कहने पर अंजाम दी गई थी। ताकि कश्मीर में रह रहे अल्पसंख्यकों और अन्य राज्यों से रोजी रोटी की तलाश में आए श्रमिकों में डर पैदा कर उन्हे कश्मीर से भागने के लिए मजबूर किया जा सके।

### लश्कर-ए-तैयबा ने ली थी जिम्मेदारी

*अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था विजय कुमार ने कश्मीर रेंज के आइजी बीके विरदी की मौजूदगी में बताया कि हत्या में लिप्त पकड़े गए आतंकी का नाम आदिल मंजूर लंगू है और वह श्रीनगर के जालडगर का रहने वाला है। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड टीआरएफ ने ली थी।*


### शांति को भंग करने की कोशिश

एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि यह वारदात कश्मीर में रह रहे अल्पसंख्यकों और अन्य राज्यों से रोजी रोटी की तलाश में आए श्रमिकों में डर पैदा कर उन्हे कश्मीर से भगाने और कश्मीर में बहाल होती शांति को भंग करने षड़यंत्र के तहत की गई है। लंगू ने कुछ अहम जानकारियां दी हैं। उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जा रही है।

## हल्द्वानी हिंसा

# आरोपी अब्दुल मलिक को 2.44 करोड़ का नोटिस

एजेंसी ▶▶| हल्द्वानी



उत्तराखंड के हल्द्वानी में गुरुवार की शाम भड़की हिंसा के मामले में अब कार्रवाई शुरू हो गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी का सिलसिला लगातार जारी है। 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान कर्मचारियों पर हमला हुआ था। इस मामले के बाद से बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगाया गया। शुक्रवार और शनिवार को हल्द्वानी के इलाके में भी कर्फ्यू जैसी स्थिति रही। हालांकि, पिछले दिनों कर्फ्यू में राहत दी गई। अब केवल वनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू लगाया गया है। वहीं, आरोपियों की धर-पकड़ लगातार जारी है। मुख्य आरोपी और बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के लिए 6 विशेष टीमें बनाई गई हैं। वहीं, अब्दुल मलिक को वनभूलपुरा हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई के लिए 2.44 करोड़ की वसूली का नोटिस जारी किया गया है। 15 फरवरी तक रकम जमा कराने के आदेश दिए गए हैं। बनभूलपुरा कांड के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक से हिंसा के दौरान हुए नुकसान की वसूली का निर्णय लिया गया है। हिंसा के दौरान हुई सरकारी संपत्ति के नुकसान को लेकर नगर निगम ने अब्दुल मलिक को 2 करोड़ 44 लाख रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है।

## सिंगापुर एयर शोः 71 वायु योद्धाओं का दल सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पहुंचा

# एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी वायु सेना की 'सारंग' टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर सोमवार को पहुंच चुकी है। इस एयर शो में पांच स्वदेशी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' भी अपनी हवाई क्षमता दिखाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।



### सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में

वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में किया गया था। इस टीम ने पहला अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक प्रदर्शन 2004 में एशियन एयरोस्पेस शो सिंगापुर में ही किया था। शुरुआत में तीन हेलीकॉप्टर फॉर्मेशन के रूप में गठित और विकसित हुई सारंग टीम अब एक रोमांचक 5 हेलीकॉप्टर प्रदर्शन का दावा करती है। अब तक यह टीम दुनिया भर में 385 से अधिक स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। बता दें कि यह टीम बेंगलुरु के पास येलहंका वायु सेना स्टेशन पर होने वाले द्विवार्षिक एयर शो 'एयरो इंडिया' में नियमित रूप से प्रदर्शन करती है।

### 'ध्रुव' को भी भेजा गया सिंगापुर

हवाई प्रदर्शन के लिए 5 उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों (एएलएच) 'ध्रुव' को भी सिंगापुर भेजा गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इसे हर मौसम में बहु मिशन को सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया है। इसमें कठोर रोटार लगाए गए हैं, जो इसे अत्यधिक चलने योग्य और सैन्य भूमिकाओं के लिए उपयुक्त बनाते हैं। यह टीम 4 संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है, जिन्हें उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-1 के नाम से भी जाना जाता है। इसके अन्य वेरिएंट मार्क-2 और मार्क-3 हैं। इसका नवीनतम वेरिएंट एएलएच मार्क-4 सशस्त्र संस्करण है।



## कतर ने लगातार एशियाई कप खिताब जीता, अफीफ की हैट्रिक

एजेंसी ▸▸| लुसैल

कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को यहां जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और आठ गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को यहां लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था।

शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे।




### तीन पेनल्टी पर तीन गोल

अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा, 'मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।' जोर्डन की टीम अपना पहला एशियाई कप फाइनल खेल रही थी।

## सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार दूसरी बार जीता एसए20 खिताब




**केपटाउन।** मार्को यानसेन के पांच विकेट के दम पर सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जाइंट्स को 89 रन से हराकर लगातार दूसरी बार साउथ अफ्रीका 20 खिताब अपने नाम कर लिया। लीग के पहले सत्र में भी सनराइजर्स विजयी रहे थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाए। जवाब में डरबन टीम शनिवार देर रात हुए इस मैच में 17 ओवर में 115 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज यानसेन ने चार ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने लीग में सर्वाधिक 20 विकेट अपने नाम किए। खचाखच भरे न्यूलैंड्स स्टेडियम पर पहले सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं प्लेयर आफ द मैच बने टॉम एबेल ने 34 गेंद में 55 रन का योगदान दिया जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। ट्रिस्टान स्टब्स ने 56 रन बनाए।

## खबर संक्षेप




### अफ्रीका कप में तीसरे स्थान पर रहा द.अफ्रीका

**अबिदजान।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान रोनवेन विलियम्स ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर कोंगो पर 6-5 की जीत से अपनी टीम को 'अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स' में तीसरा स्थान दिलाने में मदद की। निर्धारित समय में दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकी थीं जिसके बाद कोई 'एक्स्ट्रा टाइम' नहीं खेला गया। विलियम्स ने क्वार्टर फाइनल में भी चार पेनल्टी बचाई थी। दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में नाईजीरिया से हार गया था जबकि कोंगो को आइवरी कोस्ट से पराजय मिली थी।

### मैत्री मैचः अर्जेंटीना का चीन दौरा रद्द

**हांगकांग।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने के कारण स्थानीय फुटबॉल



अधिकारियों ने चीन दौरे पर अगले महीने होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद्द कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने शनिवार को कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। संघ ने स्थानीय मीडिया से कहा, 'बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेसी को हिस्सा लेना था।'

### गुकेश तीन राउंड हारे छठे स्थान पर रहे

**वांगल्स।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को वीसेनहाउस फ्रीस्टाइल शतरंज चैलेंज के रैपिड प्लेऑफ में आखिरी तीन राउंड हारने के कारण



छठे स्थान से संतोष करना पड़ा। उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने रैपिड स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया तथा 5.5 अंकों के साथ जर्मनी के विंसेंट कीमर से आधा अंक आगे रहे। गुकेश के लिए दिन अच्छा नहीं रहा और उन्हें शुरू में ही फैबियानो कारुआना से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अब्दुसत्तारोव के खिलाफ उन्होंने कुछ चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें हार मिली। कीमर ने भारतीय खिलाड़ी को केवल 22 चाल में पराजित किया।

### टॉमी पॉल-गिरोन के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**डलास।** अमेरिका के दूसरे वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने बेन शेल्टन को हराकर डलास ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना गैर वरीय हमवतन खिलाड़ी मार्कोस गिरोन से होगा। पॉल ने सेमीफाइनल में तीसरे वरीय हमवतन बेन शेल्टन को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी जबकि गिरोन ने फिर एक वरीय खिलाड़ी को हराया। तीस वर्षीय गिरोन ने चौथे वरीय फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को 6-1, 6-3 से पराजित किया और उनकी कोशिश रविवार को पहला एटीपी टूर खिताब जीतने की होगी।


### क्रिकेट : कंगारू टीम ने 34 रन से जीता दूसरा टी-20 मैच

## मैक्सवेल ने ठोका पांचवां टी-20 शतक ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज से जीती शृंखला

एजेंसी ▸▸| एडीलेड

एडिलेड ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने तूफानी शतक ठोककर बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। अपने करियर का 102वां टी20 इंटरनेशनल मैच खेल रहे मैक्सवेल ने करियर का पांचवां शतक जमाया। 50 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों की मदद से मैक्सवेल ने ये शतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मैच में आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

दरअसल, ग्लेन मैक्सवेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। मैक्सवेल इस दौरान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामले में संयुक्त रूप से दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। मैक्सनेल ने इस मामले में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मैक्सवेल के खाते में भी रोहित के बराबर पांच टी20 इंटरनेशनल शतक हो गए हैं। मैक्सवेल ने 94 पारियों में यह कारनामा कर दिखाया, जबकि रोहित ने 143 पारियों में ये मुकाम हासिल किया था। सूर्यकुमार यादव लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुल 4 शतक के साथ मौजूद हैं।




### 55 गेंद में बनाए 120 रन

*आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। मैक्सवेल (120 रन) ने 55 गेंद की पारी के दौरान आठ छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को चार विकेट पर 241 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की।*

### स्टोइनिस को तीन विकेट

*लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले सात ओवर में पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई। लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर तीन और पदार्पण कर रहे*



*स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर दो विकेट झटके। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था।*

### 50 गेंद में जड़ा शतक

*मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया जो आस्ट्रेलिया में किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए गए शतक के प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। श्रृंखला का तीसरा टी20 मैच मंगलवार को पर्थ में खेला जायेगा।*

## तेजस्विन ने सत्र की शुरुआती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में 'इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स' प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता।

पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए।

शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा।

### इंग्लैंड के स्पिनर लीच बाकी शृंखला से हटे

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने यह घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को अभी शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में जारी रहेगी। लीच को हैदराबाद में इंग्लैंड के पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी जिससे वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे।



## अमित-सचिन को स्वर्ण निकहत ने रजत जीता



भाषा ▸▸| सोफिया (बुल्गारिया)

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अमित पंघाल और सचिन सिवाच ने 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रविवार को यहां स्वर्ण पदक जीते जबकि निकहत जरीन और तीन अन्य भारतीयों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप 2019 के रजत पदक विजेता पंघाल (51 किग्रा) ने पुरुषों के फ्लाईवेट फाइनल में कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। विश्व युवा चैंपियन सचिन (57 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के शेखज़ोद मुजाफारोव को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया था। हालांकि दो बार की विश्व चैंपियन ज़रीन (50 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), बरुण सिंह शगोलशेम (48 किग्रा) और रजत (67 किग्रा) को अपने-अपने मुकाबलों में हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा।

ज़रीन उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से हार गईं। अरुंधति को मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की लियू यांग से 1-4 से जबकि बरुण को किर्गिस्तान के अनवरज़ान से हार का सामना करना पड़ा।

### अमनदीप का शतक, 1 रन से बढ़त से चूका छत्तीसगढ़

**रायपुर।** रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में रविवार को रायपुर में कप्तान अमनदीप खरे की 143 रन की शानदार पारी के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम मुंबई के खिलाफ एक रन के अंतर के कारण पहली पारी में बढ़त हासिल नहीं कर पाई। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 351 रन बनाए थे जिसके जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम ने 350 रन बनाए। मुंबई ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे और उसकी कुल बढ़त 98 रन की हो गई है। गुवाहाटी में खेले जा रहे मैच में अनुभवी ऑफ स्पिनर स्वरुपम पुरकायस्थ ने 11 रन देकर चार विकेट लिए जिससे असम ने बिहार को 207 रन पर आउट करके पहली पारी में 198 रन की बड़ी बढ़त हासिल की।

### दूसरे टेस्ट में 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया

**चेन्नई।** भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया। इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने अपने 'यूट्यूब चैनल' पर कहा, 'सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की।वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।'

## नागल और रामकुमार को पहले दौर में मिलेगी फ्रांस की चुनौती

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से यहां शुरु होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा।



विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1-1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है।

### वंशज और आबिद के 10-10 विकेट से जीता जम्मू कश्मीर

**थुथीपेट।** बाएं हाथ के स्पिनर वंशज शर्मा ने अपने पदार्पण मैच में ही दस विकेट लेने का कारनामा दिखाया जिससे जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में रविवार को यहां पुडुचेरी के खिलाफ 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा। पुडुचेरी की दूसरी पारी 35.3 ओवर में 67 रन पर खत्म हो गई। वंशज ने पहली पारी में 74 रन देकर पांच विकेट लिए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 16 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। जम्मू कश्मीर की तरफ से बाएं हाथ के एक अन्य स्पिनर आबिद मुश्ताक ने भी मैच में 10 विकेट हासिल किए। पहली पारी में 64 रन देकर पांच विकेट लेने वाले मुश्ताक ने दूसरी पारी में 28 रन देकर पांच विकेट लिए।

### कंगारुओं ने भारतीय टीम को 79 रन से हराया

## ऑस्ट्रेलिया ने चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीता

एजेंसी ▸▸| बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)

ऑस्ट्रेलिया ने तीन महीने के अंदर दूसरी बार भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का दिल तोड़कर रविवार को यहां फाइनल में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 253 रन चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम ने पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गए वनडे विश्व



कप के फाइनल में भारत को हराकर उसका आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ा दिया था। अब उसकी जूनियर टीम ने पिछली बार के चैंपियन भारत को छठी बार अंडर-19 विश्व कप नहीं जीतने दिया। यह पहला अवसर है जबकि भारत को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (64 गेंद पर 55 रन, तीन चौके, तीन छक्के), हैरी डिक्सन (56 गेंद पर 42 रन), कप्तान ह्यू वीबगेन (66 गेंद पर 48 रन) और ओलिवर पीक (43 गेंदों पर नाबाद 46) ने उपयोगी योगदान दिया।

भारत की तरफ से तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने और 38 रन देकर तीन विकेट जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने नौ ओवर में 63 रन देकर दो विकेट लिए। पिच सेअसमान उछाल मिल रही थी और ऐसे में ऑस्ट्रेलिया का चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला सही साबित हुआ। भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने सात ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट जबकि कैलम विडलर ने 35 रन दे कर दो विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 43 रन देकर तीन विकेट लेकर अच्छा योगदान दिया।

हिलव्यू समाचार



## एक नज़र

**ब्यूरोक्रेसी में फेरबदल**

# 33 आईएएस बदले... कई कलेक्टर इधर-उधर

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राजस्थान की भजन लाल सरकार ने एक हफ्ते बाद फिर से आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है।

जारी आदेशों के अनुसार आलोक को अतिरिक्त मुख्य सचिव उर्जा विभाग, जयपुर, अपर्णा अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जयपुर, दिनेश कुमार प्रमुख शासन सचिव, राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग, जयपुर, नवीन महाजन अध्यक्ष एवं प्रबंन्ध निदेशक, राज्य भण्डारण निगम, जयपुर, भानू प्रकाष एटूरु अध्यक्ष डिस्कॉम्स, जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक जयपुर विधुत वितरण निगम लिमेटेड, सरवण कुमार शासन सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर, उर्मिला राजोरिया संभागीय आयुक्त कोटा, सुधीर कुमार शर्मा शासन सचिव, सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, संपदा, स्टेट मोटर गैजेट, एवं पदेन चीफ ऑफ प्रोटॉकॉल, प्रतिभा सिंह संभागीय आयुक्त, पाली, सुषमा अरोड़ा प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम एवं आयुक्त, दिल्ली-मुबई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर, वन्दना सिंघवी संभागीय आयुक्त बीकानेर, कुमार पाल गौतम आयुक्त कौशल रोजगार एवं उद्यमिता, जयपुर, इंद्रजीत सिंह आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर, राजेंद्र सिंह शेखावत जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, शाहपुरा, अनुप्रेरणा सिंह कुन्तल विशिष्ट शासन सचिव, गृह विभाग, जयपुर, शक्ति सिंह राठौड़ जिला क्लेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सांचोर, कुमारी प्रज्ञा केवलरमानी, आयुक्त टीएडी, उदयपुर, भगवती प्रसाद कलाल निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग उदयपुर, ओम प्रकाश कसेरा प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर, टीकमचन्द बोहरा संयुक्त शासन सचिव, वित्त विभाग, जयपुर, नथमल डिडेल प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगय लिमिटेड, जयपुर, नम्रता वृष्णि जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर, अंशदीप आयुक्त, आवकारी विभाग एवं पदेन मद्य निषेद निदेशक, उदयपुर, अरुण कुमार पुरोहित जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर, अरूण गर्ग- अतिरिक्त मिशन निदेशक, नेशनल हैल्थ मिशन, जयपुर, अल्पा चौधरी निदेशक मतस्य विभाग, जयपुर, वासुदेव मालावत आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर, निशांत जैन जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर, लोक बंधु जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर, पूजा कुमारी पार्थ जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जालोर, घनश्याम आयुक्त, विभागीय जांच, जयपुर, हेम पुष्पा शर्मा सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर व अमित यादव को भरतपुर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पद पनर लगाया गया है।

**BJP ने राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवारों की घोषणा**

# राठौड़-गरासिया को बनाया प्रत्याशी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को उम्मीदवार बनाए गए हैं। भाजपा की ओर से





जारी एक सूची में दोनों की उम्मीदवारी की घोषणा की गई। इसमें बताया गया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को मतदान होना है। बीजेपी, कांग्रेस, निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के दो और कांग्रेस के एक प्रत्याशी की जीत तय मानी जा रही है। प्रत्याशियों की संख्या तीन से ज्यादा हुई तो मतदान प्रक्रिया अपनाई जाएगी, अन्यथा तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे। माना जा रहा है कि बीजेपी ने दोनों उम्मीदवारों को टिकट देकर आदिवासी और ओबीसी को साधा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में किरोड़ी लाल मीणा और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। संख्या बल के हिसाब से बीजेपी दो और कांग्रेस के एक उम्मीदवार का जीतना तय माना जा रहा है। एक उम्मीदवार के लिए जीत के लिए 51 वोट चाहिए। ऐसे में बीजेपी के पास खुद के 115 विधायक है। जबकि कांग्रेस के पास 70 विधायक है।

**ADG रैंक के अफसरों को बनाया रेंज का प्रभारी**

# कमिश्नरेट के ADG सुनील दत्त

- दस अफसरों की डीजीपी ने रेंज आवंटित
- जिलों में कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा



● सुनील दत्त



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एडीजी रैंक के अधिकारियों को जिलों में कानून-व्यवस्था की मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया है। इसके तहत एडीजी रैंक के दस अधिकारियों को अलग-अलग रेंज का प्रभारी बनाकर रेंज का आवंटन किया गया है। इस संबंध में डीजीपी उत्कल रंजन साहू (यूआर) साहू ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार एडीजी (रूल्स) सुनील दत्त को जयपुर कमिश्नरेट, एडीजी (रेलवे) अनिल पालीवाल को जोधपुर रेंज और आयुक्तालय, एडीजी (आर्म्ड बटालियन) आनंद श्रीवास्तव को भरतपुर रेंज का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार एडीजी (पुनर्गठन) डॉ. प्रशाखा माथुर को पाली रेंज का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार एडीजी (हाउसिंग) बिनीता ठाकुर को जयपुर रेंज, एडीजी (भर्ती व पदोन्नति बोर्ड-साइबर क्राइम) सचिन मित्तल को अजमेर रेंज, एडीजी (कार्मिक) संजीब कुमार नार्जरी को उदयपुर-बांसवाड़ा रेंज का प्रभारी बनाया है। वहीं, एडीजी (यातायात) हवासिंह घुमरिया को बीकानेर रेंज, एडीजी (मुख्यालय) एस सेंगथिर को कोटा रेंज और एडीजी (पुलिस वेलफेयर) बिपिन कुमार पांडेय को सीकर रेंज का प्रभारी बनाया गया है।

### ऐसे करेंगे मॉनिटरिंग

एडीजी स्तर के जिन अधिकारियों को रेंज का प्रभारी बनाया गया है। वे जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति के साथ ही पुलिस प्राथमिकताओं की उच्च स्तरीय समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही अपेक्षित प्रगति के लिए नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

**पुलिसकर्मियों को सौगात**

# RPS, इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर को भी मिलेगा हर वर्ष 10 हजार का वर्दी भत्ता

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। सरकार ने अब हर साल पुलिसकर्मियों को वर्दी भत्ता देने की बड़ी सौगात दी है। पुलिस मुख्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी। अब एडिशनल एसपी, डिप्टी एसपी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को भी अन्य पुलिसकर्मियों की भांति हर साल 10 हजार रुपए का वर्दी भत्ता मिलेगा। अब कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक सब इंस्पेक्टर और आईपीएस रैंक के अफसरों को ही वर्दी भत्ता मिलता था। इससे पहले आरपीएस, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर का सात साल में केवल एक दफा 7 हजार रुपए वर्दी भत्ता के मिलते थे। इस संबंध में आरपीएस रैंक, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों ने पुलिस मुख्यालय को हर साल वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजे थे। सरकार ने प्रस्ताव को अब सभी पुलिसकर्मियों को हर साल वर्दी भत्ता देने के लिए मंजूर कर दिया।

सरकार की मंजूरी मिलने से 4500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को फायदा मिलेगा। प्रदेश में करीब एक लाख पुलिसकर्मी है। इनमें से करीब 70 हजार पुलिसकर्मी पुलिस थानों में तैनात है, जबकि 30 हजार के करीब पुलिस के ऑफिस व सुरक्षा में तैनात है।



### आईपीएस को 20 हजार और कांस्टेबल-हैड कांस्टेबल व एएसआई को 7500

पड़ताल में सामने आया कि आईपीएस अधिकारियों को सबसे ज्यादा 20 हजार रुपए सालाना वर्दी भत्ता मिलता है, जबकि कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल व सहायक सब इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों को पिछले पांच साल से हर साल 7500 रुपए वर्दी भत्ता मिल रहा है, जबकि आरपीएस रैंक, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को भी हर साल 10 हजार रुपए वर्दी भत्ता मिलेगा। प्रदेश में पुलिस में 222 आईपीएस, 876 आरपीएस, 1121 इंस्पेक्टर, 2554 सब इंस्पेक्टर, 4767 सहायक सब इंस्पेक्टर, 15911 हेड कांस्टेबल और 71 हजार 858 कांस्टेबल रैंक के पुलिसकर्मी कार्यरत है।

**शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण समारोह में बोले सीएम...**

# बलिदान की कोई कीमत नहीं, शहीद युवाओं के प्रेरणा स्रोत

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा एवं सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने अपने पहले बजट में किसानों को देय सम्मान निधि की राशि 2 हजार रुपए बढ़ाकर 8 हजार करने एवं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को शाहपुरा के गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति अनावरण समारोह में संबोधित कर रहे थे। शहीद लांबा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इस बेटे को देश हमेशा याद रखेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके बलिदान की कीमत नहीं आंकी जा सकती।

वे देश व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदपुरा (बासड़ी) में शहीद रोहिताश लांबा के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने शहीद रोहिताश लांबा की मूर्ति का अनावरण एवं पट्टी का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़, जिला प्रमुख रमा देवी चैपड़ा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सीआरपीएफ महानिरीक्षक विक्रम सहगल सहित वीरांगनाओं और उनके परिजन तथा आमजन समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने वीरांगनाओं को शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

- शहीद के नाम पर पीएचसी और 500 मीटर सड़क के निर्माण की घोषणा



### एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के विचार को केन्द्र में रखकर कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को भरपूर राहत प्रदान कर रही है। हमारी सरकार प्रदेश की महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाकर आर्थिक राहत पहुंचा रही है। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि भी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को गैंगवार से मुक्त करने की दिशा में राज्य सरकार सख्त कदम उठा रही है। इस संबंध में एंटी गैंगस्टर टास्कफोर्स गठित की गई है एवं जेलों का सघन निरीक्षण भी किया जा रहा है।

### मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हुआ है। भारत सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आतंकवाद पर कड़े प्रहार कर रही है। 26 जनवरी, 2019 को बालाकोट एयर स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में भारत को विश्वगुरू बनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज देश इस पथ पर तेजी से अग्रसर है और शीघ्र ही भारत विश्वगुरू बनेगा। वहीं उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है कि वे दिन-रात देश की सीमाओं पर मुस्तैद रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उनके त्याग एवं समर्पण और मातृभूमि की रक्षा करने वाली भावना से आज के युवा प्रेरणा लें। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा ने भी समारोह को संबोधित किया।

## वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग पर होगी कार्रवाई



**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैयद शहजादी ने मंगलवार को अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था एवं वक्फ की जमीनों के बारे में भी जानकारी ली। राज्य की वक्फ संपत्तियों के हो रहे दुरूपयोग व अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की अतिक्रमण करने वालों को जमीन खाली करने का आख़री नोटिस दिया जाए। इसकी अवहेलना की स्तिथि में तत्काल प्रकरण को वक्फ ट्रिब्यूनल के संज्ञान में ला सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।


**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

# भाजपा ने सौंपी जिम्मेदारी... संयोजक, प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। देश अब लोकसभा चुनाव के रंग में रंगता जा रहा है। राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्वाचन आयोग भी आम चुनाव की तैयारी में जुटा है। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुटी है। कई दलों ने तो प्रत्याशियों की घोषणा भी शुरू कर दी है।

दूसरी ओर भाजपा-कांग्रेस सहित बड़े दल लोकसभा चुनाव के लिए सीट वाइज रणनीति बनाने में जुटी है। इस बीच भाजपा ने सभी 25 सीटों के लिए टीम गठित कर दी है। प्रदेश की सभी 25 सीटों पर भाजपा ने संयोजक, लोकसभा प्रभारी और लोकसभा सह प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार इस टीम का गठन हुआ है। जिसकी लिस्ट जारी कर दी गई है। खास बात यह है कि पार्टी ने सभी सीटों पर प्रभारी के रूप में मंत्री और पार्टी के पुराने और कद्दावर नेताओं को जिम्मेदारी है।



### एसएस अग्रवाल जयपुर संयोजक

भाजपा ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जयपुर संयोजक एसएस अग्रवाल, प्रभारी- जोगाराम पटेल (मंत्री), सतीश चंदेल को लोकसभा सह प्रभारी बनाया है। इसी प्रकार श्रीगंगानगर, हनुमागढ़ एससी सीट पर बलवीर विश्नोई संयोजक, लोकसभा प्रभारी सुमित गोदारा (मंत्री), अखिलेश प्रताप सिंह को लोकसभा सह प्रभारी नियुक्त किया है। बीकानेर संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य, लोकसभा प्रभारी गजेंद्र सिंह खिंवसर (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी अशोक नागपाल, चूरू से संयोजक ओम सारस्वत, लोकसभा प्रभारी अविनाश गहलोत (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- रामगोपाल सुथार। इसी प्रकार झूंझनूं में संयोजक दशरथ सिंह शेखावत, लोकसभा प्रभारी मंहत बालकनाथ (विधायक) व जितेंद्र शर्मा को लोकसभा सह प्रभारी बनाया है। सीकर से संयोजक- प्रभु सिंह गोगावास, प्रभारी- गौतम दक (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी बलराम दून, जयपुर ग्रामीण में संयोजक निर्मल कुमावत, प्रभारी- किरोड़ी लाल मीणा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी - विमल अग्रवाल, अलवर में संयोजक- संजय सिंह नरूका, प्रभारी- सुरेश रावत (मंत्री), लक्ष्मीकांत भारद्वाज लोकसभा सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

### दौसा में सत्यनारायण शाहरा को संयोजक बनाया

भाजपा ने दौसा में सत्यनारायण शाहरा को संयोजक बनाया है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (मंत्री) को प्रभारी , लोकसभा सह प्रभारी- विष्णु चेतानी को बनाया है। भरतपुर से संयोजक- शैलेश सिंह, प्रभारी- संजय शर्मा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- गोवर्धन जादौन, करौली, धौलपुर (एसएसी) सीटसे संयोजक- शिवकुमार सैनी, प्रभारी- जवाहर सिंह बेढ़म (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- प्रेम प्रकाश शर्मा, टोंक, सवाई माधोपुर संयोजक- नरेश बंसल, प्रभारी- मदन दिलावर, शैलेंद्र भार्गव को लोकसभा सह प्रभारी का दायित्व सौंप गया है। अजमेर में संयोजक- वीरेंद्र सिंह कानावत, प्रभारी- दीया कुमारी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- राकेश पाठक, नागौर में संयोजक- रमाकांत शर्मा, प्रभारी- कन्हैयालाल चौधरी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- अशोक सैनी, पाली में संयोजक- लक्ष्मीनारायण दवे, प्रभारी- जोगेश्वर गर्ग (विधायक), लोकसभा सह प्रभारी- रविंद्र सिंह बालावत, जोधपुर में संयोजक- राजेंद्र कुमार गहलोत, प्रभारी- विजय सिंह (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेंद्र कुमावत, बाड़मेर में संयोजक- खुमान सिंह सोढा, प्रभारी- जोराराम कुमावत (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- शंकर सिंह राजपुरोहित, जालोर, सिरोही में संयोजक- नारायण सिंह देवल, प्रभारी- केके विश्नोई (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेंद्र बोहरा, उदयपुर से संयोजक- प्रमोर सामर, प्रभारी- हेमंत मीणा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- महेश शर्मा, बांसवाड़ा में संयोजक- हरीश पाटीदार, प्रभारी- बाबूलाल खराड़ी (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- दिनेश भट्ट, चित्तौड़गढ़ में संयोजक- रणजीत सिंह भाटी, प्रभारी- झाबर सिंह खर्रा (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- आनंद गर्ग, राजसमंद में संयोजक-हरिसिंह रावत, प्रभारी- मंजू बाघमार (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- हर्षवर्धन सिंह, भीलवाड़ा में संयोजक- शक्ति सिंह कालियास, प्रभारी- हीरालाल नागर (मंत्री), लोकसभा सह प्रभारी- गजपाल सिंह, कोटा में संयोजक- सुनिता व्यास, प्रभारी- प्रेम चंद्र बैरवा (डिप्टी सीएम), लोकसभा सह प्रभारी- शंकरलाल टाडा व झालावाड़ में संयोजक- छगन माहुर, प्रभारी- ओटाराम देवासी (मंत्री,) पारस जैन को लोकसभा सह प्रभारी नियुक्त किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)